


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर, सोमवार 22 जुलाई 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-115 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### राजधानी में पानी न मिलने से मचा हाहाकार

**रायपुर,22 जुलाई।** बरसात के मौसम में राजधानीवासियों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है. जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बताया जा रहा है कि यह समस्या फिल्टर प्लांट के पाइप लाइन में बारिश का कचरा जमा होने की वजह से शुरू हुई है. जिसकी वजह से आज सुबह शहर की सभी टंकियो में पानी की आपूर्ति नहीं हुई. इसकी सूचना मिलने पर पाइपलाइन की सफाई के लिए टीम जुट गई है. जानकारी के अनुसार खारुन नदी स्थित वाटर वर्ल्ड फिल्टर प्लांट के पाइप लाइन में बारिश का कचरा जमा होने की वजह से आज शहर की सभी टंकियों में पानी की आपूर्ति नहीं हुई. वार्ड के डीडी नगर सेक्टर 1 टंकी और डंगनिया पानी टंकी से भी सुबह पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है. नगर निगम के अधिकारी अपनी पूरी टीम के साथ पाइपलाइन की सफाई के काम में पूरी मुस्तैदी से जुटे हुए हैं.

### रायगढ़ में सड़क हादसा,8 घायल

**रायगढ़,22 जुलाई।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिसिरिंगा के पास रविवार की रात शादी समोरह से लौटने के दौरान सवारियों से भरी पिकअप पलट गई। इस दौरान पिकअप में सवार आठ से अधिक महिलाएं घायल हो गईं। पिकअप पलटने की घटना के बाद मौके पर घायलों में अफरा तफरी चीख-पुकार मच गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने डायल 112 और धरमजयगढ़ पुलिस को घटना की जानकारी दी। घायलों को निजी वाहन के जरिये धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। कुछ महिलायों को गंभीर चोट आने पर उन्हें रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में रिफर कर भर्ती कराया गया हैं। वहीं हादसे के बाद घायल महिलाओं ने यह भी बताया कि शादी समारोह में पिकअप चालक शराब के नशे में धुत था। देखा जाए तो 6 दिन में बरमकेला में पिकअप दुर्घटना की यह दूसरी घटना है। वहीं, सड़क सुरक्षा समिति में इस विषय पर चर्चा होती है, जागरूकता के साथ कार्रवाई की बात कही जाती है लेकिन यह परिस्थिति जमीनी स्तर में होते नजर नही आता है जिसके चलते ग्रामीण अंचल में मालवाहक पिकअप वाहन का उपयोग सवारी वाहन के रूप में किया जा रहा है

### विधायक पुरंदर मिश्रा की तबियत बिगड़ी

**रायपुर,22 जुलाई।** रायपुर



उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा को टाइफाइड और फूड पॉइजनिंग के लक्षण के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि टायफाइड और फूड पॉइजनिंग के लक्षण दिखाई देने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश

**नई दिल्ली,22 जुलाई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 22 जुलाई को लोकसभा में सांख्यिकीय परिशिष्ट 2023-24 के साथ आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए केंद्रीय बजट से पहले केंद्र द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला एक वार्षिक दस्तावेज है। आर्थिक सर्वेक्षण मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग द्वारा तैयार किया जाता है। पहला आर्थिक सर्वेक्षण 1950-51 में अस्तित्व में आया जब यह बजट दस्तावेजों का हिस्सा हुआ करता था। 1960 के दशक में इसे केंद्रीय बजट से अलग कर दिया गया और बजट पेश होने से एक दिन पहले पेश किया गया।

# विस में गूंजा बलौदाबाजार हिंसा का मामला,हंगामा

## विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य,नारेबाजी के बीच कार्यवाही स्थगित

रायपुर,22 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

बलौदाबाजार हिंसा मामले पर सदन में हंगामा मच गया. विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष में तीखी नोक-झोंक हुई. विधानसभा अध्यक्ष के स्थगन को अग्राह्य करते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी. आखिरकार विपक्ष के नारेबाजी और हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई.

नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आस्था, प्रतीक को तोड़ने का काम किया है. प्रदेश की समरसता और भाईचारा को खत्म करने का षडयंत्र हुआ है. राज्य की शांति भंग हुई है. हिंसा का वातावरण बना है. समाज को बांटने का काम हुआ है. मेरी जानकारी के मुताबिक कई संगठनों से अब तक 168 लोगों की गिरफ्तारी हुई है. हम सदन के माध्यम से यह जानना चाहते हैं कि कौन ऐसे लोग जो छत्तीसगढ़ की सद्भावना को मिटाना चाहते हैं. हम इस पर चर्चा की मांग करते हैं.

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बलौदाबाजार की कंपोजिट बिल्डिंग में आगजनी की गई. सतनामी समाज के जैतखंभ को नुक़सान पहुँचाने से विवाद



शुरू हुआ. सतनामी समाज के आक्रोश के बाद एफआईआर दर्ज की गई. बिहार के तीन मज़दूरों को गिरफ़्तार किया गया. समाज में आक्रोश बढ़ता गया. समाज ने कहा कि कोई व्यक्ति सिर्फ़ मज़दूरी नहीं मिलने से जैतखंभ को नुक़सान नहीं पहुँचा सकता. समाज ने सीबीआई जाँच की माँग की.

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज ने आंदोलन की अनुमति मांगी थी. राज्य के बाहर से भी लोग आये. नागपुर से भी लोग पहुँचे. दस हज़ार से ज़्यादा लोग जुटे थे. एसपी-आईजी, कलेक्टर कोई मौजूद नहीं था. सभा स्थल पर ज्ञापन लेने कोई अधिकारी नहीं आया. एसपी-कलेक्टर की भूमिका संदेहास्पद है. भोजन और टेंट की व्यवस्था कलेक्टर ने की थी. भूपेश बघेल ने कहा कि 15 मई से 10 जून तक का वक़्त बड़ा होता है. समाज के आक्रोश को कम किया जा सकता था. देश के इतिहास में कभी कलेक्टर कार्यालय में आगज़नी नहीं हुई. ये घटना एक धब्बा है. सफ़ेद कपड़ा पहने लोगों को पुलिस ने उठाया. दुर्भावना में पुलिस काम कर रही है. भाजपा विधायक मोतीलाल साहू का भतीजा भी सिर्फ़ इसलिए पीटा गया क्योंकि उसने सफ़ेद कपड़ा पहना था.

कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि शैलेंद्र बंजारे नाम के युवा को पुलिस ने उठाया. वह घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं था. फिर भी उसे हिरासत में लिया गया. इसी तरह हिरासत में लेने दीपक मीरी के घर पुलिस पहुँची. तीन महीने पहले ही वह मर चुका था. भाजपा ने षड्यंत्रपूर्वक लोगों को हिरासत में लिया है.

कांग्रेस विधायक कविता प्राणलहरे ने कहा, एक बिहारी को मुजरिम बनाकर ला कर खड़े कर दिया गया. आंदोलन हुआ तो हज़ारों की भीड़ में पाँच सौ पुलिस भी नहीं थी. हम सदन में न्याय की मांग करते हैं. वहीं पूर्व मंत्री अनिल भेड़िया ने कहा कि निर्दोष लोगों को मुजरिम बनाकर जेल भेजा जा रहा है.

पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि हम नारा लगाते हैं कि सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया, लेकिन बलौदाबाज़ार का कलेक्टर ऑफिस भी सुरक्षित नहीं. कलेक्टर-एसपी इस घटना के जिम्मेदार हैं. साय सरकार ने दोनों को निलंबित कर दिया. इन लोगों को जेल भेज देना चाहिए. कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि अंग्रेजों की पुलिस जिस तरह से काम करती थी, वैसा ही काम पुलिस ने किया है.

गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह कहना गलत कि अमरगुफा घटना पर करवाई नहीं हुई. यह भी कहना गलत कि ज्ञापन लेने अधिकारी मौजूद नहीं थे. 40 पुलिस कर्मचारी घायल हुए, 14 केस दर्ज हुए हैं. गृहमंत्री के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य किया.

इससे पहले भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया. उन्होंने कहा कि इसी सदन में खाद्य विभाग के सवाल को न्यायालय में लंबित होने के आधार पर नहीं सुना गया था. बलौदाबाजार की घटना पर न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है. ऐसे में इस मामले को सदन में उठाये जाने पर आसंदी अपनी व्यवस्था दें.

भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि न्यायिक जांच आयोग का जांच का दायरा काफ़ी विस्तृत होता है. हाईकोर्ट के जस्टिस की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है. कंडिका 7 में लिखा गया है कि ऐसे मामलो की चर्चा नहीं हो सकती, जो न्यायालय में लंबित है.

इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि नियमों में यह स्पष्ट है कि अध्यक्ष अपने विवेक से अनुमति दे सकते हैं. अध्यक्ष की अनुमति से न्यायालय में प्रक्रियाधीन विषय पर चर्चा की जा सकती है. जांच आयोग का क्षेत्र सीमित है. बलौदबाजार की घटना में कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय में आगज़नी हुई. तोड़फोड़ किया गया. पहले भी न्यायिक और अर्ध न्यायिक प्रकरणों पर सदन में चर्चा होती रही है.

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि घटना घटी ही क्यों? इसकी पृष्ठभूमि की चर्चा भी आएगी. घटना से संबंधित सभी विषय जांच में आयेंगे. इसलिए सदन की परंपरा को ध्यान में रखते हुए इस पर चर्चा नहीं कराई जाई. कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि झीरम घाटी, नसबंदी कांड पर न्यायिक जांच गठित की गई थी, लेकिन उस पर भी सदन में चर्चा की गई थी.

### बेर का अभी सीजन नहीं, फिर कहां से ले गए अयोध्या

विधानसभा में शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने भाजपा नेताओं से राम लला को भेंट किए बेर पर घेर दिया. उन्होंने कहा कि कहा कि अभी बेर का सीजन नहीं है, बेर न शिवरीनारायण में मिल रहा, न रायपुर में, फिर अयोध्या बेर कहां से ले गए. नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने इसके साथ प्रदेश में भगवान राम से जुड़े स्थलों के विकास को लेकर भाजपा सरकार को घेरा. उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रामजी के जहां-जहां चरण पड़े थे, ऐसे 75 स्थानों का चयन किया था. हमारी सरकार ने दस स्थानों पर काम शुरू किया था. उन्होंने सवाल किया कि भाजपा की सरकार आने के बाद सात महीनों में क्या किसी भी स्थान में एक ईंट भी रखा? राजेश मूणत सहित अन्य भाजपा विधायकों ने आपत्ति जताई. राजेश मूणत ने कहा कि जनता ने आपको बता दिया छत्तीसगढ़ में क्यों हारे. इस पर महंत ने कहा कि बातों को गलत दिशा में आपलोग ले जाते हैं इसीलिए अयोध्या, प्रयागराज हारे हैं. पीएम मोदी ने श्री राम सर्किट बनाने का वादा किया है, उसमें छत्तीसगढ़ का नाम नहीं है, उसे जोड़वा दें.

# झोलाछाप डॉक्टरों की 45 क्लीनिक सील



बिलासपुर,22 जुलाई

जिले में मलेरिया, डायरिया का प्रकोप लगातार जारी है. इसके साथ ही झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई भी तेजी से हो रही है. जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 45 झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक सील किए गए हैं. जिसमें बिल्हा क्षेत्र में 17, कोटा में 12 तखतपुर और बिलासपुर में 8-8 फर्जी डॉक्टरों पर कार्रवाई को गई है. इनमें दो लोग मेडिकल दुकान की आड़ में घर पर ही अस्पताल खोल मरीजों का इलाज कर रहे थे. यहां दो बेड और एलोपैथिक दवा का जखीरा मिला है. वहीं दो मरीज भी इलाज कराते मिले. दरअसल, इन दिनों जिले में मलेरिया और डायरिया का प्रकोप फैला है और ग्रामीण इलाकों में मरीज बड़ी संख्या में झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज करा रहे हैं. बीते दिनों कोटा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से मलेरिया पीड़ित मरीज की मौत हो गई थी. जिसके बाद कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिले के सभी एसडीएम झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर दबी देकर कार्रवाई कर रहे हैं. इसी कड़ी में कोटा तहसील में बीती रात अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई की गई. जांच के बाद ग्राम पीपरतराई में संचालित बंगाली दवाखाना के संचालक रिपोन मंडल द्वारा एलोपैथी दवाईयां, इंजेक्शन पाए गए. उक्त व्यक्ति पर लगभग 6 माह पूर्व भी ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा कार्रवाई की गई थी. इसके साथ ही मस्तूरी क्षेत्र के दो डाक्टरों पर भी प्रशासन का डंडा चला. मेडिकल स्टोर में ही अस्पताल संचालित किया जा रहा था. मस्तूरी और वेद परसदा में कार्रवाई करते हुए 2 डाक्टरों के क्लीनिक सील कर दिए गए हैं. तखतपुर क्षेत्र में एसडीएम द्वारा ग्राम सैदा, खैरी, सकर्रा, बेलमुंडी, सकरी, गनियारी, बेलपान, बीजा में संचालित अवैध क्लीनिक को सील किया गया.

# शिवधाम में सुबह से बम-बम भोले

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,22 जुलाई।** ग्राम तुलसी (पाटन) स्थित शिवधाम आज पूरी तरह से शिवमय हो गया था। बाबा भोले भंडारी का अभिषेक करने शिव भक्तों का सुबह से आने का सिलसिला शुरू हो गया था। भव्य मंदिर के प्रथम तल में स्थापित विशाल शिवलिंग का अभिषेक कर धतूरा फल और बेल पत्ते चढ़ाये गये। भूतल पर स्थापित पारा निर्मित दिव्य शिवलिंग का दर्शन कर भक्त निहाल हो गये। सावन का पवित्र मास प्रारंभ हो चुका है। वहीं आज सावन का पहला सोमवार है। सुबह से ही राजधानी के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। शिव भक्ता महादेव को जल व दूध से अभिषेक कर फूलों से श्रृंगार कर रहे हैं। इसके साथ ही शिवालयों में विधिवत पूजा की जा रही है। भक्त बेलपत्र, चंदन, गंगाजल, गाय का कच्चा दूध, भांग, धतूरा आदि का चढ़ावा चढ़ा रहे हैं। वहीं कांवड़ यात्रा भी प्रारंभ हो चुकी है।



## विपक्ष ने सरकार को वनभूमि पट्टे के लिए फर्जी दस्तावेज के इस्तेमाल पर घेरा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष ने वनभूमि पट्टा के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने का मामला उठाया. मंत्री टंकराम वर्मा के जवाब पर विपक्ष ने असंतोष जताते हुए कार्रवाई की मांग की. सदन में कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से सवाल पूछा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड की पंचायत शोभा में वन भूमि पट्टा के लिए दस्तवेजो में सरपंच और सचिव के फर्जी हस्ताक्षर और सील का उपयोग करके वनाधिकार के लिए फर्जी मांग पत्र तैयार किया गया, जिसकी शिकायत पूर्व सरपंच ने जिला कलेक्टर को लिखित में की गई है. मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गई है. कब तक मामले एफआईआर होगी?

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब में बताया कि वन भूमि पट्टा हेतु फर्जी मांग पत्र तैयार करने संबंधी प्राप्त शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी, लेकिन प्राप्त शिकायत पर जिला स्तरीय वन अधिकार समिति गरियाबंद द्वारा परीक्षणोपरांत संजय नेताम एवं अनिता नेताम द्वारा किसी प्रकार का दावा आवेदन नहीं करने के कारण प्रकरण निरस्त किया गया है. अतः एफआईआर दर्ज करने का प्रश्न नहीं उठता है. मंत्री के जवाब पर विपक्ष ने असंतुष्टि जताते हुए मामले की जांच पर अड़ा रहा. सदन में पूरा विपक्ष कार्रवाई की मांग करता रहा.इसके पहले भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने प्रश्नकाल में स्कूलों में शिक्षकों की कमी का हवाला देते हुए रिक्त पदों की जानकारी मांगते हुए सवाल किया कि रिक्त पदों पर कब तक भर्ती होगी?

# नेम प्लेट पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## दुकानदारों को केवल खाने के प्रकार बताने होंगे

**नई दिल्ली,22 जुलाई।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की जिसमें कांवरिया मार्ग पर भोजनालयों को मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। याचिकाकर्ताओं के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यह एक चिंताजनक स्थिति है जहां पुलिस अधिकारी विभाजन पैदा करने की कोशिश में लगे हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि अल्पसंख्यकों की वस्तुतः पहचान की जाएगी और उनका आर्थिक बहिष्कार किया जाएगा। यूपी और उत्तराखंड के अलावा, दो और राज्य इसमें शामिल हो गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या यह एक प्रेस बयान था या एक औपचारिक आदेश था कि इन्हें प्रदर्शित किया जाना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट ने इस पर अंतरिम आदेश जारी करते हुए कहा कि दुकानदारों सिर्फखाने का प्रकार बताने की जरूरत है। यानी शाकाहारी है या मांसाहारी वो बताने की जरूरत होगी। मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। याचिकाकर्ताओं के वकील ने जवाब दिया कि पहले एक प्रेस बयान आया था और फिर सार्वजनिक आक्रोश हुआ और उनका कहना है कि यह स्वैच्छिक है लेकिन वे इसे सख्ती से लागू कर रहे हैं। वकील ने कहा कि कोई औपचारिक आदेश नहीं है लेकिन पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी का कहना है कि यह एक छिपा हुआ आदेश है। एक याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि अधिकांश लोग बहुत गरीब सब्जी और चाय की दुकान के मालिक हैं और इस तरह के आर्थिक बहिष्कार के अधीन होने पर उनकी आर्थिक मृत्यु हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पालन न करने पर हमें बुलडोजर कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।



सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से कहा कि हम स्थिति को इस तरह से न बताएं कि जमीन पर क्या है, इसे और बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाए. इन आदेशों में सुरक्षा और स्वच्छता के आयाम भी हैं। सिंघवी ने कहा कि कांवर यात्राएं दशकों से होती आ रही हैं और मुस्लिम, ईसाई और बौद्ध समेत सभी धर्मों के लोग उनके रास्ते में उनकी मदद करते हैं। अब आप बहिष्कार कर रहे हैं।

## सीएम के मीडिया सलाहकार के फेसबुक एकाउंट का क्लोन बनाकर ठगी

**रायपुर,22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में ठगों के खिलाफ लगातार पुलिस की कार्रवाई जारी है, फिर भी शातिर ठग लोगों से ठगी करने नए-नए तरीके अपना रहे. अब फेसबुक एकाउंट का क्लोन बनाकर लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है. शातिर ठग ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा के सोशल मीडिया एकाउंट फेसबुक का क्लोन बनाया है और लोगों से ठगी करने मैसेज कर रहा है. इस मामले की शिकायत पंकज झा ने साइबर थाने में की है. उन्होंने ऐसे लोगों से सावधान रहने की अपील की है. बता दें कि मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा के फेसबुक एकाउंट का क्लोन बनाकर आरोपी लोगों को ठगी का शिकार बना रहा. आरोपी रायपुर के एक व्यक्ति को मैसेज कर नंबर मांगा और फिर मैसेज किया है कि सीआरपीएफ कैंप से मेरा एक दोस्त आशीष कुमार आपको कॉल करेगा, मैं आपका नंबर उसे भेज देता हूं. वह सीआरपीएफ अधिकारी हैं, उनका ट्रांसफर हो गया है. वह अपने घरेलू फर्नीचर का सामान सेकेंड हैंड बेच रहे हैं, सभी वस्तुएं अच्छी है और कीमत बहुत सस्ती है.





## 2024 पेरिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल,एथलेटिक्स में सिर्फ नीरज, किशोर से उम्मीद

jasclaudius@gmail.com

# 144 पदकों में से 102 के लिए नहीं हैं दावेदार

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की शुरुवात 1896 में हुई। भारत ने 1900 से इन खेलों में भाग लेना प्रारंभ किया। उसके बाद 1904,1908,1912 में भारतीय इन खेलों में सम्मिलित नहीं हुए। 1916 में विश्वयुद्ध जबकि 1940,1944 में द्वितीय विश्व युद्ध के कारण ओलंपिक खेल नहीं हुए। इस प्रकार भारत के खिलाड़ियों ने सात ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लिया है। उल्लेखनीय है कि हमारे देश ने जिन 25 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में अपने खिलाड़ी भेजे उनमें से सभी में एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट में भाग लिया। 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए हमारे देश के 19 पुरुष तथा 10 महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया है। पुरुष वर्ग में भारतीय एथलीट भाला फेंक, ऊंची कूद, 3000 मी.स्टीपल चेस, गोला फेंक, तिहरी कूद,लंबी कूद, तथा 4x400 मी. रिले में भाग लेंगे। याने पुरुषों के 23 इवेंट में से इंडियन ओलंपिक संघ द्वारा चयनित सिर्फ 9 इवेंट में भारतीय खिलाड़ी अपनी श्रेष्ठता साबित करेंगे। ठीक इसी तरह महिला वर्ग में ऊंची कूद, 400 मी. दौड़,100 मी. बाधा दौड़,5000 मी. दौड़ तथा 4x400 मी. रिले अर्थात 2024 पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के लिए निर्धारित 23 इवेंट में से सिर्फ 5 इवेंट में भाग लेने के लिए योग्यता हासिल करने में सफल रही। अतः स्पष्ट है कि भारत की महिलाएं 100 मी.200 मी.800 मी. 1500 मी. 10000 मी. मैराथन,3000 मी. स्टीलपल चेस, 400 मी. बाधा दौड़,लंबी कूद, बांस कूद, तिहरी कूद, गोला फेंक, तवा फेंक, हैमर थ्रो, भाला फेंक, हेप्टाथलान,20 कि.मी. पैदल चाल, 4x100 मी.रिले, कुल मिलाकर 18 इवेंट में योग्यता प्राप्त करने में असफल रही। भारत की ओर से अभी तक 4x400 मी. मिश्रित रिले तथा मैराथन पैदल चाल, मिश्रित रिले में भी किसी ने पात्रता नहीं पायी है। इस तरह ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल पेरिस 2024 में एथलेटिक्स के पुरुषों के 23 ,महिलाओं में 23 तथा दो मिश्रित दौड़ को मिलाकर कुल मिलाकर 48 इवेंट हैं अर्थात एथलेटिक्स के मुकाबलों में 48 स्वर्ण,48 रजत,48 कास्य पदक सहित 144 पदक दांव पर लगने हैं। प्रदर्शन के हिसाब से एथलेटिक्स में भारत ने अब तक 25 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लिया है। जिसमें 178 पुरुष व 101 महिला खिलाड़ी विभिन्न इवेंट में मैदान में उतरे परंतु भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक सिर्फ एक स्वर्ण तथा दो रजत पदक जीता है। भारत की ओर से स्वर्ण 2020 टोक्यो ओलंपिक खेलों में भाला फेंक में नीरज चोपड़ा ने जीता जबकि 1900 के ओलंपिक खेलों में नार्मन रिचर्ड ने 200 मी. दौड़ और 200 मी. बाधा दौड़ दोनों में भारत के लिए रजत पदक पर कब्जा जमाया। ओलंपिक खेलों के पिछले 124 वर्षों के इतिहास में भारत का प्रदर्शन अत्यंत चिंताजनक है।



भारतीय ओलंपिक संघ नई दिल्ली,भारत सरकार के खेल विभाग, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों, औद्योगिक संस्थाओं साथ ही निजी संस्थाओं को इस बात को गंभीरता से सोचना होगा कि आखिर क्या कारण है कि हमारे देश के खिलाड़ी एथलेटिक्स जैसे खेल में 48 इवेंट में से 34 इवेंट के लिए पात्रता हासिल करने के योग्य नहीं है। दूसरे अर्थों में एथलेटिक्स के लिए घोषित 144 पदकों में से 102 पदकों के लिए भारतीय खिलाड़ियों की कोई दावेदारी नहीं है। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता हासिल करने के 76 वर्षों बाद भी भारत में खेलकूद के लिए ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका है। 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए हालांकि एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या किसी भी अन्य खेल के मुकाबले सबसे अधिक 29 है परंतु चयनित खिलाड़ियों की विश्व वरीयता से स्पष्ट है कि पदक जीतने के लिए सिर्फ भाला फेंक के नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ही उपयुक्त हैं।

### एनटीए ने पेपरलीक की बात मानी

**नई दिल्ली,22 जुलाई।** पेपर लीक और गड़बड़ी से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुबह 10.30 बजे मामलों की सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ताओं-छात्रों के वकील की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बिहार पुलिस की जांच के बयानों में कहा गया है कि लीक 4 मई को हुआ था और संबंधित बैंकों में प्रश्नपत्र जमा करने से पहले हुआ था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ई-रिक्शा द्वारा प्रश्नपत्र ले जाना एक स्थापित तथ्य है, लेकिन छोटी सी बात यह है कि जो तस्वीर वितरित की गई थी वह प्रश्नपत्र की नहीं बल्कि ओएमआर शीट की थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आरोपियों के बयान पढ़े।

## एक नजर

### कोर्ट के आदेश पर 3 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कृष्णा ग्रैंड सिटी कोहका निवासी पीड़ित रंजीत कुमार सिन्हा की शिकायत पर आरोपित हरिशंकर साहू, उसकी पत्नी विसनी बाई साहू और अहिल्या बाई साहू निवासी शीतला मंदिर के पास कुरुद के खिलाफ प्राथमिकी की है आरोपितों के नाम पर ग्राम कुरुद में 5.64 हेक्टेयर जमीन थी आरोपितों ने उक्त जमीन का सौदा 80 लाख एकड़ के हिसाब से तय किया इसके बाद पीड़ित ने आरोपितों को किस्तों में कुल 64 लाख 30 हजार रुपये का भुगतान भी किया जमीन के सौदे के संबंध में आरोपितों और पीड़ित के बीच इकरारनामा भी हुआ था इसके बाद आरोपितों ने छलपूर्वक अपनी जमीन का किसी और से सौदा कर दिया पीड़ित को इसकी जानकारी हुई तो उसने अपने रुपये वापस मांगे आरोपितों ने पहले तो पीड़ित को घुमाया और उसके बाद रुपये लौटाने से इन्कार कर दिया था।

### गोलीकांड के मुख्य आरोपी पर दस हजार का ईनाम



**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र टाउनशिप में गोलीकांड के मुख्य आरोपी अमित जोश पर दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। घटना के 25 दिन बाद भी मुख्य आरोपी का पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते उसकी गिरफ्तारी में मदद करने या सूचना देने को इनाम देने का फैसला लिया है 26 जून की रात ग्लोब चौक के पास बाइक सवार तीन युवकों पर आरोपी अमित जोश ने गोली चला दी, जिससे विश्रामपुर निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर ने बताया कि मामले में पुलिस ने अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने उस पर इनाम घोषित किया है वहीं, घटना के बाद निगरानी बदमाश अमित जोश और उससे जुड़े बदमाशों के अवैध कब्जों पर पुलिस और बीएसपी प्रबंधन की टीम ने कार्रवाई शुरू की आरोपी की बहन और जीजा के घर से पिस्टल और जिंदा गोलियां भी मिली थी ।

### आदतन अपराधी को अज्ञात व्यक्ति ने मारा चाकू

**भिलाई, 22 जुलाई।** खुर्सीपार के एक आदतन अपराधी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू मार दिया। उसे गंभीर हालत में खुर्सीपार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे दुर्ग रेफर कर दिया गया है। आदतन अपराधी ने दो दिन पहले अपने दो साथियों के साथ मिलकर एम्स रायपुर के एक सुरक्षा गार्ड को चाकू मारा था। उस मामले में पुलिस उसे खोज ही रही थी कि किसी अज्ञात आरोपित ने उसे ही चाकू मार दिया। खुर्सीपार पुलिस ने अज्ञात आरोपित पर हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी की है। मछली मार्केट देवार मोहल्ला निवासी आदतन अपराधी उदय देवार (23 साल) के पेट में किसी अज्ञात आरोपित ने चाकू मार दिया। उसे शाम को खुर्सीपार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे दुर्ग रेफर कर दिया गया। उदय देवार के खिलाफ हत्या का प्रयास, लूट, चाकूबाजी और चोरी जैसे मामले दर्ज हैं खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दो दिन पहले उसने शहीद वीर नारायण सिंह खुर्सीपार निवासी तुलेश देवांगन को चाकू मार दिया था। पीड़ित तुलेश देवांगन रात में अपने दोस्त मनोज साहू के साथ बोल बम चौक के पास गया था वहां पर आरोपित उदय अपने दो दोस्तों के साथ पहुंचा और उसने तुलेश से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पीड़ित ने पैसे देने से मना किया तो उसने साथियों ने चाकू से हमला किया था।

### आर.टी.ई. के तहत चयनित स्कूलों के निरीक्षण में निकले अधिकारी

**दुर्ग, 22 जुलाई ।** जिले में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 के अंतर्गत गैर अनुदान प्राप्त और शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों एवं पालकों को सतत् प्रेरित/सहायता प्रदान करने तथा पालक, स्कूल प्रबंधन एवं प्रशासन के मध्य समन्वय कर विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा निरंतर रखने में आने-वाले अवरोधों को दूर किये जाने हेतु 82 मेंटॉर अधिकारी नियुक्त कर विद्यालय आबंटित कर दिये गये हैं। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशों के अनुसार मेंटॉर अधिकारी आज से स्कूल निरीक्षण प्रारंभ कर दिये

सावन के प्रथम और अंतिम दिवस सोमवार का अद्भुत संयोग

# हर-हर महादेव कहते जल चढ़ाने मंदिरों में उमड़ी भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 जुलाई।** भगवान शिव की आराधना के लिए बेहद शुभ और मंगलकारी माने जाने वाले श्रावण मास का शुभारम्भ हो गया है। रविवार को आषाढ़ की पूर्णिमा के पश्चात 22 जुलाई से श्रावण मास का आरम्भ हुआ है। हर-हर महादेव के साथ भक्तों की भीड़ मंदिर-शिवालयों में देखी जा रही है। श्रावण के प्रथम दिवस ही सोमवार पड़ने से इसे बेहद मंगलकारी माना जा रहा है। पंडित-ज्योतिषियों के मुताबिक श्रावण का पवित्र महीना जिसे सावन के नाम से भी जाना जाता है इस साल इस महीने में पहला ही दिन सोमवार पड़ने से बेहद शुभ है। अद्भुत संयोग यह है कि श्रावण के अंतिम दिवस भी सोमवार ही है। प्रथम और अंतिम दिवस सोमवार पड़ने से तीनों लोकों से पुण्य फल प्राप्त होगा। खास विशेषता यह भी है कि इस वर्ष सावन में 5 सोमवार का भी संयोग बन रहा है। ग्रह-नक्षत्रों के अनुकूल होने से पांचों सावन सोमवारों का व्रत विशेष रूप फलदाई है।

### दुग्धाभिषेक के लिए मंदिर-शिवालयों में उमड़ी भीड़

पहले सावन सोमवार को भोले शंकर की पूजा एवं शिवलिंग पर जल-दुग्धाभिषेक के लिए मंदिरों में सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ी है। महिलाओं से लेकर बच्चों तक मंदिरों में



पहुंचकर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर जल और दुग्ध अर्पित कर रहे हैं। खासकर कुंवारी युवतियों एवं युवाओं का शिवलिंग पर जल-दुग्ध चढ़ाने के लिए मंदिरों में ताँता लगा हुआ है। पंडित-ज्योतिषियों के मुताबिक इस माह में शिवलिंग पर जल-दुग्धाभिषेक कर भोले बाबा को प्रसन्न करने वाले अविवाहित भक्तों को मनोवांछित वर-वधू की प्राप्ति होती है। साथ ही हर भक्त की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### धतूरा, बेलपत्र, बेल, पुष्प की बढ़ी मांग

धूप, दीप, पुष्प, अगरबत्ती के साथ ही शंकर भगवान को प्रिय बेलपत्र, धतूरा एवं भांग की मांग बाजार में बढ़ गयी है। पूजा की इन सामग्रियों की अच्छी मांग को देखते हुए दुकानदारों ने बड़ी मात्रा में इन्हे मंगाया है और बेच रहे हैं। पसरा पर भी पूजा सामग्री बेचने वालों की लाइन लगी है। दस से लेकर पचास रुपये तक में पूजा सामग्री बेची जा रही है।

### दुग्ध एवं जलाभिषेक विशेष महत्व

पंडित-ज्योतिषियों के मुताबिक सावन के सोमवार को प्रत्येक व्यक्ति को शिवलिंग पर दुग्ध एवं जल का अभिषेक अवश्य करना चाहिए। इसका विशेष महत्व है। जलाभिषेक एवं दुग्ध अर्पित करने से भगवान शिव एवं माता पार्वती

## बिजली गुल होने पर गुस्साए ग्रामीणों ने की लाइनमैन की पिटाई

भिलाई, 22 जुलाई। रात में बिजली गुल होने पर गुस्साए ग्रामीण जेवरा सिरसा बिजली सब स्टेशन पहुंच गए। वहां पर उन्होंने हंगामा किया। इस दौरान संविदा कर्मी लाइनमैन की पिटाई भी कर दी गई। मामले में शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। बिजली कंपनी के जेवरा सिरसा सब स्टेशन में यह घटना घाटी। ग्राम करंजा भिलाई वार्ड दो इंदिरा आवास पारा निवासी अभिषेक निषाद बिजली कंपनी के करंजा-भिलाई हेड क्वार्टर में पदस्थ है। घटना के दिन उसे लाइन मेंटेनेंस के लिए जेवरा सिरसा में भेजा गया था। रात साढ़े नौ बजे ग्राम सिरसा में लाइन बंद हो गई। इस दौरान 10 से 12 युवक बिजली कार्यालय पहुंचे।

## निर्मल ज्ञान मंदिर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व



**भिलाई, 22 जुलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में रविवार को प्रातः 10 बजे से गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंगलदास उपस्थित रहे। शुभारंभ सामूहिक रूप से गुरु महिमा पाठ से किया गया। इसके बाद समिति के ट्रस्टी आत्मा राम साहू, खिलावन प्रसाद साहू तथा डॉ हीरालाल साहू गुरु की महिमा पर अपने विचार रखे। इसके बाद मुख्य वक्ता मंगल दास मंगलम साहेब ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज में कबीर साहेब ने हमें अपने जीवन को उतार कर आत्मसात करें तभी जीवन सार्थक होगी। इसके साथ ही गुरु की महिमा और उसके आचरण को हम स्वयं समझे जानें और दूसरों को भी गुरु के बताए मार्ग पर चलने को कहा गया। इसके साथ ही अन्य वक्ताओं ने भी साहेबजी की आरती और गुरु की महिमा पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में संगीत शिक्षा की व्यवस्था की घोषणा की गई ,जिसे संगीत गुरु मानक साहू एवं तिलक वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित की जाएगी। इच्छुक लोगों को आश्रम समिति से संपर्क करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बाद कबीर साहेब के उपस्थित भक्त जनों से कबीर दास जी के भजनों की प्रस्तुति हुई। इस गरिमामई कार्यक्रम में प्रेमा दास, शीला हिरवानी, उर्मिला साहू, जयंती साहू , कुमार भारद्वाज, के वी राव, गोविंद साहू, संतोष कुमार सिंह, विजय दादर, मंथिर लाल, तुला राम, देविका, टेकचंद, ओमेश्वरी चंद्रहास, गिरीश कुमार, भुखऊ राम, लक्ष्मी, कल्पना, रामाधार साहू, कुंजबिहारी, सरस्वती, दलजीत के अलावा निर्मल ज्ञान मंदिर के ट्रस्टी गण तथा प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही महिला प्रकोष्ठ तथा युवा प्रकोष्ठ भी अपनी सहभागिता दी। इसके साथ कबीर पंथ के अनुयायी तथा धार्मिक जन भी कार्यक्रम को सफल बनाने उपस्थित रहे। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी डा दीनदयाल साहू ने दी।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर शेयरधारक किसानों को रियायत दर पर मिलेगी शक्कर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 22 जुलाई।** भाजपा शासन में शक्कर कारखानों के शेयर धारकों को रियायती दर पर शक्कर का वितरण किया जाता था यह योजना वर्ष 2011-12 से लेकर वर्ष 2018 -19 तक चली लेकिन कांग्रेस सरकार आते ही किसानो की यह योजना बंद कर दी गई थी। विधानसभा चुनाव के दौरान उप मुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने स्थानीय घोषणा पत्र में किसानो को वादा किया था सरकार बनने पर रियायती दर पर शेयर धारक किसानों को शक्कर उपलब्ध कराया जायेगा । सरकार बनते ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किसानो से अपना वादा पूरा करते हुए 01 करोड़ रुपए का अनुदान मंडी बोर्ड से स्वीकृत कर शक्कर कारखानों के शेयर धारक किसानों को रियायती दर पर शक्कर वितरण करना सुनिश्चित कर दिया है । जिले के दोनों शक्कर कारखानों भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखानों ,सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना को 01 करोड़ रूपये की राशि मंडी बोर्ड द्वारा अनुदान के रूप में दी जाएगी,जिससे दोनों शक्कर कारखानों के शेयर धारक किसानों को रियायती दर पर 50 किलो शक्कर 5 साल बाद फिर से मिलना प्रारंभ होगा । पिछली कांग्रेस सरकार ने नियम का हवाला देकर किसानो को रियायती दर पर शक्कर वितरण योजना को बंद कर दिया था परन्तु स्थानीय



विधायक विजय का यह संकल्प था कि क्षेत्र के शेयर धारक गन्ना किसानों को रियायती दर पर शक्कर का वितरण कराना है,इसके लिए उन्होंने शासन स्तर पर पहल कर दोनों शक्कर कारखानों को 01 करोड़ की अनुदान राशि जारी कराई है और जल्दी ही क्षेत्र के शेयर धारक किसानों को रियायती दर पर शक्कर मिलनी शुरू हो जाएगी। प्रत्येक शेयर धारक को 50 किलोग्राम शक्कर 25 रुपए किलो की रियायती दर पर मिलेगी,शेष अन्तर की राशि का वहन अनुदान के रूप में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया जाएगा। शक्कर वितरण के लिए शक्कर कारखानों में विशेष काउंटर बनाया जाएगा,शेयरधारी किसान अपना शेयर प्रमाण पत्र की छायाप्रति,आई डी प्रूफ जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस,वोटर आईडी दिखाकर कारखाने से प्रति शेयर धारक किसान 25 रुपए किलो की दर से 50 किलोग्राम शक्कर ले सकेंगे।

## डिप्टी सीएम ने भगवा झंडा दिखा कर कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा का शुभारंभ किया



**कवर्धा, 22 जुलाई।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने सावन माह में प्रथम सोमबार को कवर्धा बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर 18 किलोमीटर तक आयोजित होने वाले भोरम पद यात्रा में भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया और भगवा ध्वज लेकर इस पदयात्रा में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने इससे पहले पंचमुखी बूढ़ा महादेव का विशेष पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। इसमे बाद स्वयं भी इस पदयात्रा में शामिल हुए। इस पदयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ब्रम्ह मुहूर्त में भोरमदेव मंदिर पहुँच के बाबा भोरमदेव श्री महादेव का अभिषेक पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।क्षउपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पदयात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं के जलपान एवं स्वल्पाहार व्यवस्था का अवलोकन किया।

## दीपशिखा विद्यालय परिवार डुमरडीह, उतई में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**उतई, 22 जुलाई।** मानस मर्मज्ञ आदरणीय गुरुदेव नीलकंठ ठाकुर जी , अश्वनी कुमार साहू जी एवं गायत्री प्रज्ञा पीठ के आचार्य श्री लोकनाथ साहू जी द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर दिव्य चिंतन सुनने को मिला गुरुदेव ठाकुर जी ने बच्चों में संस्कार विकसित करने हेतु प्रथम गुरु मां को प्रणाम करने का भाव, जल्दी उठना और अपने बड़ों को प्रणाम करना अपनी चिंतन में रखा। इसके लिए रामचरित मानस की विभिन्न पंक्तियों पर अपने विचार रखे। अश्वनी साहू जी ने बच्चों को गुरु का हमारे जीवन में कितना महत्व है इसके बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा जीवन में हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है चाहे वह बड़ों से हो या छोटे से या फिर प्रकृति से जहां से भी ज्ञान मिले उसे ग्रहण कर उनका सम्मान करते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होना चाहिए। लोकनाथ साहू जी ने भी इस अवसर पर अपना आशीर्वचन प्रदान किए। संगीत साधक के रूप में आदरणीय चोवाराम ठाकुर धौंरा भाठा श्री संतोष विनीता ढीमर, जितेंद्र साहू ने गुरु वंदना एवं लोक भजनों के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के सभी बच्चे , गुरुजन शामिल रहे। बच्चों के द्वारा भी गुरु वंदना एवं गुरु शिष्य पर आधारित प्रेरक प्रस्तुति दी गई।

## युवा कांग्रेस की विशेष मांग पर लगी मुहर: वाल्मिकी वर्मा

**कवर्धा, 22 जुलाई।** युवा कांग्रेस कवर्धा द्वारा सहकारी शक्कर कारखाने में सुविधा एवं निर्माण कार्य सहित किसानों का मुख्य मांगो में से



एक शेयरधारी किसानों को उनका हक शक्कर प्रदान को लेकर 18.07.24 दिन गुरुवार दोपहर को सात सूत्रीय ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन सौंपने के दो दिन बाद शासन प्रशासन नीद से जगा और किसानों को उनका हक शक्कर प्रदान करने को लेकर मजबूर हुआ।जिसमे सैकड़ो की संख्या में किसान और वरिष्ठ जन,युवा कांग्रेस के साथियों द्वारा किसान हित में बात कारखाना प्रबधक के माध्यम से शासन को अवगत कराया गया था।और जायज मांग को पूरा करना पड़ा। युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा समन्वयक अश्वनी वर्मा ने बताया कि इस मांग पर मुहर लगाने के बाद शेयरधारी किसानों को अब भाजपा सरकार में बढ़ती मंहगाई के बीच बाजार से महंगे दरो में शक्कर खरीदने की जरूरत नही पड़ेगी,कारखाने से शक्कर मिलने से किसानो को सीधा लाभ मिलेगा।अब किसानो के चेहरे में खुशी की लहर है। सबके सहयोग से किसानो का एक महत्तवपूर्ण मांग पूरा होने पर बधाई।सैकड़ों की संख्या में सभी युवाओं की उपस्थित के लिए आभार।जल्द ही समय रहते बाकी मांगो को पूरा नहीं करने पर किसानो और युवाओ के साथ मिलकर उग्र प्रदर्शन किया जायेगा।

## शंकर नगर छावनी में सीमेंट्रीकृत सड़क पर भरा बारिश का पानी



**भिलाई, 22 जुलाई।** शिवसेना उद्धव के राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शंकर नगर छावनी वार्ड 40 इंडस्ट्रियल एरिया तिवारी उद्योग के सामने खुर्सीपार जाने वाली सीमेंटीकरण सड़क पर भरा बारिश का पानी। पानी निकासी की व्यवस्था अत्यंत दयनीय स्थिति में है। इस समस्या का मुख्य कारण पानी निकासी के कार्य में की जा रही है लापरवाही है। रोड पर बरसात का पानी भरा होने के कारण राहगीरों को आवागमन करने बहुत ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उद्योगों में रोजी मजदूरी करने वाले कामगार साइकिल से या टू व्हीलर हैवी गाड़ियों का आना-जाना इसी सड़क होता है। बरसात के मौसम में सड़क पर जलजमाव की समस्या गंभीर रूप से बढ़ जाती है जिससे न केवल यातायात प्रभावित होता है पानी सड़क के ऊपर आ जाने से सडकों की स्थिति खराब हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। गुप्ता ने कहा की उन्होंने इस समस्या के संबंध में कई बार शिकायत की है लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण क्षेत्र में गंदगी और बिमारियों का खतरा बढ़ रहा है। सड़क में पानी भरा होने के कारण हैवी वाहन चालकों को बड़े गड्ढे दिखाई नहीं देते और जल्दबाजी के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

## यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने अस्पताल पहुंचाकर घायल युवक की बचाई जान



**कवर्धा, 22 जुलाई।** यातायात प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो की तत्परता से सड़क दुर्घटना में घायल युवकों की जान बचाते हुए गोल्डन आवार में ज़िला अस्पताल में भर्ती करवाया। सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल चालक भानु साहू एवं छोटू साहू को श्री खलखो ने समय पर अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया। समय पर पहुंचने से घायल की जान बच गई और इलाके के सभी लोग कबीरधाम पुलिस की प्रशंसा कर रहे।यातायात प्रभारी श्री खलखो को सूचना मिली कि बरबसपुर तिराहा में बस और मोटर साइकल सवार युवक की टक्कर होने से बाइक सवार युवक काफ़ी गंभीर रूप से घायल हो गया हैं। घटना के समय लोगो द्वारा संजीवनी एक्सप्रेस से संपर्क नहीं हो पा रहा था। मगर जैसे ही मामले की जानकारी यातायात प्रभारी खलखो को मिली। वह स्वयं जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को तत्कल ज़िला हॉस्पिटल में भर्ती कराया।इस अवसर पर यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो एवं उनके हमराह स्टाफ प्रधान आरक्षक 390 दीपक कुंभकार, 411 महेंद्र चंद्रवंशी, 260 कमलेश कछ्वाहा एवं आरक्षक सतीश मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

### बजट से बड़ी अपेक्षाएं

**कवर्धा, 22 जुलाई।** कवर्धा केंद्रीय बजट में महंगाई रोकने की दवा की उम्मीद जनमानस में आज मार्केट में राहर दाल , चीनी , जीरा , पोहा और सब्जी की महंगाई से लोग चिंतित देखे जाते है और अखिलेश , राधेश्याम , बलराम , सुखनंदन और कई महिलाओं ने यह अपेक्षा की बजट ऐसा हो जिससे की राहर दाल , चीनी , जीरा , पोहा सस्ती मिले यह अपेक्षा है क्योंकि थाली में अच्छे से भोजन परिवार कर पाए और झोला भी भर जाए ।

## विधायक रिकेश ने प्रतिनिधियों की इफिशिएंट सुपर-33 टीम घोषित की



**भिलाई, 22 जुलाई।** वैशाली नगर क्षेत्र में जन समस्याओं के निवारण और विकास कार्यों के आलावा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के बेहत00र ढंग से संचालन के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े नेतृत्वकर्ताओं को प्रतिनिधि नियुक्त किया है। आज नियुक्त इफिशिएंट सुपर 33 टीम में विभिन्न समाज में कुल 11 और अलग-अलग क्षेत्रों में टीम भावना से समाज हित में कार्य करने वाले 22 लोगों को शामिल किया गया है। इफिशिएंट सुपर 33 टीम में दिलबाग सिंह, परविंदर सिंह बिन्द्रा, नरेन्द्र सिंह, राजेश कुमार सेन, पूरन दास वैष्णव, इंद्रजीत सिंह वर्मा, अशोक बिजवे, गुप्तेश्वर सोमावार, श्रीमती रीना चौहान, श्रीमती कल्पना गजभिये, रमेश ठाकुर, जितेन्द्र पांडेय, राजकुमार रोकड़े, संतोष पाल, श्रीमती रामेश्वरी सिन्हा, डाक्टर विभा, राजीव अग्रवाल, मनीष सिंह, कमलजीत सिंह चौहान, डाक्टर नम्रता सिंह, संजय सिंह राठौर, मोहम्मद इरफान, सागर शर्मा, श्रीभगवान अग्रवाल, बिंदू हिरवानी, अवतार सिंह गिल, श्रीमती ज्योति कश्यप, बाल्मिकी सोनी, श्रीमती एल ज्योति, रोहित कुमार यादव, कृष्णा साहू, संदीप ताम्रकार, शैलेंद्र कांत सक्सेना विधायक प्रतिनिधि बनाए गए हैं।

## दस लाख की चोरी के मामले में दो पकड़ाए

**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई वैशालीनगर का निगरानी बदमाश 10 लाख रुपए के जेवर चोरी मामले में एक नाबालिग के साथ पकड़ा गया है। पुलिस की गिरफ्तारी के डर से दो दिन पहले जियो टॉवर में चढ़ गया था। पुलिस ने अरोपियों के कब्जे से चोरी गये सोने-चांदी के जेवरात, 01 नग मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद कर लिया है एएसपी सुखनंदर राठौर ने बताया कि 13 जून को सैयद जमील निवासी स्मृति नगर ने चौकी स्मृति नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 जून से 11 जून के मध्य रात्रि अज्ञात युवक ने प्रार्थी के घर के पीछे से घर अन्दर प्रवेश कर कमरे में रखे आलमारी के लॉकर का ताला तोड़कर लॉकर में रखे पुरानी इस्तेमाली सोने चांदी के जेवर, पुरानी इस्तेमाली मोबाइल एवं नगदी रकम चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर पुलिस मामले मे धारा 380,457 के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया। गठित विशेष टीम



ने आरोपी की पतासाजी के लिए घटना स्थल निरीक्षण कर प्रार्थी के घर के आसपास क्षेत्र में रहने वाले लोगों से पूछताछ की। आस पास क्षेत्र के सीसीटीवी फूटेज खंगाला गया मुखबीर से सूचना मिली कि एक नाबालिग ने कुछ चांदी के जेवर बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर एसीसीयू की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में अपने साथी राहुल बसोड (13 वर्ष) निवासी चंदनपारा बाबादीप सिंह नगर को पूर्व में चोरी का आदतन अपराधी है। एवं वैशाली नगर थाना का निगरानी बदमाश है। उसके साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी के कुछ सोने एवं चांदी के जेवरात को अपने घर में रखना बताया। टीम ने आरोपी राहुल बसोड को पूछताछ करने पर आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया था। दोनों की निशानदेही पर चोरी किये गये सोने एवं चांदी के जेवरात व अन्य सामान सहित कुल कीमत 10 लाख रूपये को जब्त किया गया

## एक नजर

### पंडवानी गायिका आरपीएफ निरीक्षक तरुणा साहू को डॉक्टरेट की उपाधि




**राजनांदगांव 22 जुलाई।** रेल सुरक्षा बल की इंस्पेक्टर तरुणा साहू को, जो की वर्तमान मे राजनांदगाव रेल सुरक्षा बल के पोस्ट प्रभारी है उन्हें आईकॉनिक पीस अवॉर्ड कॉउन्सिल की ओर छत्तीसगढ़ की धरोहर पंडवानी (फोक एंड ट्रेडिशनल आर्ट ऑफ़ छत्तीसगढ़ ) के लिए आइकॉनिक हॉनररी डॉक्टरेट अवार्ड से कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया दिल्ली मे सम्मानित किया गया !यह अवार्ड छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति धरोहर पंडवानी मे 20 वर्ष के उत्कृष्ट कार्य और योगदान करने हेतु प्रदान किया गया है । तरुणा साहू ने इसी वर्ष मार्च माह में अयोध्या महोत्सव में अपनी शानदार पंडवानी की प्रस्तुति दी थी। अभी हाल ही में आईबीसी 24 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने भी उन्हें शक्ति सम्मान 2024 से सम्मानित किया था। श्रीमती तरुणा साहू वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की सहसंयोजिका है।

### अतिक्रमणकारियों के आगे प्रशासन नतमस्तक




**भखारा 22 जुलाई।** कुरुद तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चर्रा में इन दिनों अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है वहीं पंचायत प्रतिनिधि एवं सरपंच द्वारा प्रस्ताव सहित अतिक्रमण हटाने हेतु तहसीलदार कुरूद, एसडीएम कुरूद एवं जिला कलेक्टर को कई बार आवेदन देने के बाद भी अभी तक प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु कार्यवाही नहीं किया गया है गांव के राजनीति करने वाले लोग अतिक्रमण जगह पर मटेरियल सहित घेराबंदी व मकान बनाने का संरक्षण दे रहे हैं वहीं पंचायत प्रतिनिधि एवं सरपंच द्वारा इस मामले की शिकायत कई बार प्रशासन से कर चुके हैं परंतु एसडीएम तहसीलदार द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है जिसके कारण ग्रामवासी प्रशासन के रवैया से नाराजगी जाहिर कर रहे है अतिक्रमण पर कार्यवायी नहीं करने व संरक्षण देने के संबंध में ग्रामवासियों द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन में अधिकारियो की शिकायत करने की बात कही है।

### संविधान को तोड़ने व बदलने वाले लोग संविधान से खिलवाड़ का हौव्वा खड़ा कर रहे:चंदूलाल साहू

**राजनांदगांव 22 जुलाई।** जिला भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव के विस्तृत कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुये पूर्व सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता चंदूलाल साहू ने संविधान बदलने के नाम पर कांग्रेस पर घड़ियाली आंसू बहाने व देश की जनता से सफेद झूठ बोलने का आरोप लगाते हुये कहा कि जिन लोगों ने खुद संविधान में सैकड़ों संशोधन किये, संविधान को तोड़ा मड़ोरा व अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिये बदला, वे आज संविधान की पुस्तक लिये घुम रहे है। श्री साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गॉधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिये संविधान को बदला, देश को 19 महीनें आपातकाल में झोंका, देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेलों में बंद कर दिया, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस की आजादी पर सेंशरशीप लगा दिया, मीषा के नाम हजारों बेगुनाहों को जेल में बंद करके संविधान के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसे देश की जनता भूलने वाली नहीं है। इतना ही नहीं बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट जिसका फैसला देश में कानून माना जाता है के द्वारा शाहबानों प्रकरण पर गुजारा भत्ता के लिये दिये गये आदेश को कांग्रेस सरकार के तत्कालिन प्रधानमंत्री राजीव गॉधी ने रद्दी की टोकरी में फेकते हुये सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संविधान के खिलाफ खिलवाड़ करते हुये पलट दिया । अब कांग्रेसी निहित राजनैतिक स्वार्थो के लिये संविधान बदलने की बात को लेकर देश की जनता को दिग्भ्रमित कर रहे है, जबकि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने साफ-साफ कहा है कि उनके जीवित रहते न संविधान को बदला जायेगा और न ही आरक्षण खत्म किया जायेगा, बावजूद इसके कांग्रेस के झूठ का प्रलाप जारी है। भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर कांग्रेसी मंसूबों को नाकाम करें। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक के प्रारंभ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। बैठक की कार्यवाही शुरू करते हुये जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने स्वागत भाषण दिया फिर प्रदेश भाजपा के महामंत्री राम जी भारती ने उद्बाटन भाषण देते हुये दिनभर की कार्यवाही का विवरण रखा, इसके बाद पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय ने लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के लिये कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुये कहा कि कांग्रेस के सारे छल कपट से मुकाबला करते हुये पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सफलता मिली है।

### एयरटेल ने नया बूस्टर पैक लॉन्च किया

**रायपुर 22 जुलाई।** जो ग्राहक अनलिमिटेड 5जी लाभ नहीं ले पा रहे हैं, उनके लिए एयरटेल ने नए बूस्टर पैक लॉन्च किए हैं। अब 1जीबी/दिन और 1.5जीबी/दिन प्लान वाले ग्राहक अनलिमिटेड 5जी प्लान में अपग्रेड कर सकते हैं। यह किफायती अपग्रेड मौजूदा डेटा पैक पर एक्टिवेट किए जा सकते हैं, जिससे ग्राहक अनलिमिटेड 5जी डेटा का आनंद ले सकते हैं। इन अपग्रेड प्लान्स के साथ ग्राहकों को अनलिमिटेड 5जी डेटा के अलावा 3जीबी, 6जीबी और 9जीबी अतिरिक्त डेटा भी मिलेगा, जो क्रमशः ?51, ?101 और ?151 में उनकी वर्तमान प्लान की वैधता के साथ उपलब्ध होगा।

# निर्माणाधीन नेशनल हाईवे में एप्रोच रोड व पुलिया बह जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया चक्काजाम

- निर्माणाधीन नेशनल हाईवे झलमला बालोद से कोहका के मध्य कहगाव, जबकसा, कोरकोटटी नाला का पुल एप्रोच रोड बहने से मानपुर क्षेत्र के 60-70 गांवो का संपर्क मानपुर ब्लाक मुख्यालय से टूटा
- एक सप्ताह में व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग अन्यथा कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने दी सड़क में आने की चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**मोहला 22 जुलाई।** आषाढ़ महिने के अंतिम दो दिन पहले शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश के बाद नदी नालो में आई उफान से मानपुर इलाके के कहगांव, जबकसा व कोरकोटटी पुलिया बह जाने से मानपुर क्षेत्र के दर्जनो गांव का संपर्क ब्लाक मुख्यालय मानपुर सहित अन्य नगरो से टूट गया है। पिछले 48 घंटे से प्रभावित गांवो के ग्रामीणो को भारी मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। इस घटना से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने रविवार को युवक कांग्रेस की अगुवाई में मानपुर ब्लाक मुख्यालय में नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर शासन प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया।

शुक्रवार से हो रही बारिश के बाद से वनांचल के कई नदी नालो में बाढ की स्थिती बनी हुई है। छग को महाराष्ट्र से जोडने वाली निर्माणाधीन नेशनल हाईवे 930, झलमला, बालोद से कोहका के मध्य कहगांव, जबकसा व कोरकोटटी, का एप्रोच रोड के बह जाने से मानपुर ब्लाक के लगभग पांच दर्जन से अधिक गांवो का सडक संपर्क टूट गया है। इन गांवो को ब्लाक मुख्यालय से संपर्क टूटने से इस क्षेत्र के ग्रामीणो व स्कूली तथा महाविद्यालय के छात्र छात्राओ को भारी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। बच्चे न तो पढने के लिए स्कूल पहुच पा रहे है न ही ग्रामीण बैंक, व सोसायटी से जुडे कार्यो व व्यापारी लेन देन के लिए मानपुर पहुच पा रहे है। इधर पहले से ही निर्माणाधीन नेशनल हाईवे के अफसरो की लापरवाहियो व निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर परेशान ग्रामीणो का गुस्सा नेशनल हाईवे में कहगांव, जबकसा, कोरकोटटी एप्रोच रोड व पुलिया के बह जाने से फूट पडा है। ग्रामीणो ने बताया की निर्माण कार्य की गति इतनी धीमी है की पिछले दो वर्ष से उन्हे नेशनल हाईवे के अधिकारियो की लापरवाही व उदासिनता का खामियाजा भुगतना पड रहा है।

#### कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने किया चक्काजाम

मानपुर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने आज युवक कांग्रेस के बैनर तले मानपुर ब्लाक मुख्यालय में नेशनल हाईवे में तकरीबन आधा घंटा चक्काजाम किया। भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन के लिए सडक पर आए कांग्रेस कार्यकर्ता शासन प्रशासन से जल्द से जल्द पुलिया व एप्रोच रोड को दुरूस्त कर आवागमन बहाल करने की मांग कर रहे थे। कांग्रेसियो का आरोप था की जब से भाजपा सरकार आई है नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य की गति और भी धीमी हो गई है। निर्माण कार्य में भारी गडबडिया की जा रही है। जिसके कारण ही निर्माणाधीन नेशनल हाईवे में कई स्थानो में पुलिया व एप्रोच रोड बह गया है। आज मानपुर ब्लाक के 60-70 गांवो का संपर्क मानपुर से कट गया है। आम जनता परेशान हो रही है। चक्काजाम आंदोलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओ का मनोबल बढाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पहुचकर आंदोलनकारी युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओ का उत्साह बढाया।

#### कांग्रेसियों को सड़क से उठा ले गई पुलिस

जिला युवक कांग्रेस की अगुवाई में मानपुर ब्लाक मुख्यालय में नेशनल हाईवे के बीच चौराहो में सडक पर चक्काजाम के लिए बैठे कांग्रेस कार्यकर्ताओ को पुलिस प्रशासन ने आधा घंटा गुजरने से पहले ही सडक से उठा कर आवागमन को बहाल कर दिया। बारिश के चलते 40-50 की संख्या में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने चक्काजाम स्थल पर ही कलेक्टर के नाम पर ज्ञापन सौप कर बारिश से ध्वस्त हुए पुल पुलिया व एप्रोच रोड को जल्द से जल्द दुरूसत कर एक सप्ताह के अंदर आवागमन बहाल करने की मांग की है। अन्यथा अगली बार पुरी ताकत के साथ क्षेत्रीय विधायक की अगुवाई में आंदोलन की चेतावनी भी दी है। चक्काजाम के दौरान जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष निर्मल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लच्छु साबले, जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, जिला कांग्रेस महामंत्री रामकेवल विष्वकर्मा, उपेन्द्र मिश्रा, जनपद सदस्य अभिमन्यु मंडावी, तनुज मंडल, मोनू मंडावी, अजित खान, करण बोगा, देवा सारथी, रोहित केवट, संत बढई, शत्रुहन भूआर्य, पप्पू नेताम, मुकेश ध्रुव, खिलावन साहू, नितेश मेश्राम, बलराम मंडावी, राजू पोटाई, सोनी सलामे, सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### कलेक्टर के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में चक्काजाम समाप्त करने के बाद जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन सौप कर एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन से जुडे अफसरो को आगाह किया की वे आंदोलन के लिए सडक पर नही आना चाहते है लेकिन शासन प्रशासन ने उन्हे मौका दिया तो वे विपक्ष की भूमिका को निभाने के लिए सडक पर जरूर आऐगे और जन समुदाय से जुडी परेशानियो व समस्याओ के निराकरण के लिए अपना पुरा दमखम लगाएंगे। इसलिए बेहतर यह है की व्यवस्था दुरूस्त कीजिए और आम जनता को राहत दिलाने का प्रयास कीजिए।

#### लचर प्रशासन से घट रही है गंभीर घटनाएं:अनिल मानिकपुरी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की जब से प्रदेश में सरकार बदली है तब से प्रशासन नाम की कोई चीज नजर नही आ रही है। इसी का परिणाम है बलौदाबाजार में कलेक्टरेट जल गया, राजधानी में दिनदहाडे गोलिया चल रही है। नक्सली हिंसा की घटनाए बढ गई है। हत्या, बलात्कार और आपराधिक घटनाओ में तेजी से बढोतरी हुई है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया की भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था की स्थिती पुरी तरह चरमरा गई है। सामाजिक बुराईयो से जुडे अपराध सटटा, जुआ, मादक पदार्थो की बिक्री सहित गंभीर किस्म के अपराध अब शासन प्रशासन के संरक्षण में चल रहा है। इसका परिणाम है की पुरे प्रदेश में अराजकता की स्थिती निर्मीत हो रही है। इस पर रोकथाम बेहद जरूरी है।

## जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी में दीक्षांत के साथ ही शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 22 जुलाई।** नगर के एक मात्र अंग्रेजी माध्यम की हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी की शिक्षा पूर्ण कर चुके बच्चों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया था बच्चों को दीक्षांत समारोह में परंपरागत पोशाक में डिप्लोमा और बैच हमारे मुख्य अतिथि श्री डड़सेना जी थाना प्रभारी नगरी और विशेष अतिथि श्री उमाशंकर तिवारी जी थाना प्रभारी सिहावा एवं बीएसएफ कंपनी कमांडर श्री संतोष द्विवेदी जी के द्वारा दिया गया ।अपने बच्चों के दीक्षांत समारोह में पालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संस्था के इस आयोजन की खूब प्रशंसा की। शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए चयनित छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के पदभार एवं शपथ ग्रहण का आयोजन भी संस्था द्वारा किया गया था जिसमें नवनिर्वाचित एसपीएल मुकुंद सोनी और जीपीएल कु.देवी सार्वा ने अपनी पूरी मंत्रिमंडल के साथ अनुशासन और निष्ठा की शपथ ली उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बच्चों को अनुशासन के गुण सिखाए सम्पूर्ण वर्दी में बच्चो के साथ बैठकर नन्हे बच्चो को गोद में उठाकर अथितियो ने उनका उत्साहवर्धन किया ।उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी श्री डड़सेना सर स पत्नी उपस्थित थे श्रीमती डड़सेना मैम ने अपने मधुर वाणी से भजन गाकर दर्शकों का मन मोह लिया कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जीनियस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन श्री मोहन सोनी सर श्रीमती कंचन सोनी मैम डायरेक्टर ऐश्वर्या सोनी मैम एवं संस्था के एडमिनिस्ट्रेटर संतोष आग्लावे सर ने भी अपने उद्बोधन में उक्त आयोजन की प्रशंसा की और बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की अंत में संस्था के प्राचार्य श्री नीलचंद सिंह ने पालकों ,अतिथियों और समस्त शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त कर कार्यक्रम की समापन की घोषणा की।

### ग्रीन कुरुद सुंदर कुरूद के तहत किया गया पौधारोपण

**कुरूद22 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कुरूद के युवाओं द्वारा ग्रीन कुरुद मुहिम के अंतर्गत दूसरे चरण मे कैनाल रोड तथा खेल मेला मैदान के साइड में छायादार तथा फलदार वृक्ष लगाए गए वर्तमान मे जिस तरह ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है मानव अपने फायदे के लिए लगातार वृक्षों की कटाई करते जा रहा है वैसे वैसे वायु प्रदूषण बढ़ते जा रहा है गर्मी मे टेम्प्रेचर इतना बढ़ गया है की बिना ड्डष के रहना मुश्किल हो रहा है किन्तु मनुष्य इस भागदौड़ भरी जिंदगी मे प्रकृति द्वारा प्रदत अनमोल ड्डष को भूलता जा रहा है जिसके बिना जीवन सम्भव नहीं यदि आज इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो पेड़ो की कटाई एक विकराल रूप ले सकती है आज आये दिन कही न कही भूकंप, तूफान, सूखा पड़ रहा है जो प्रकृति के असंतुलन के कारण द्धद्ध है पेड़ पौधे इस संतुलन को बनाय रखते है कुरुद को प्राकृतिक रुप से हमें सुंदर बनाना है इस उदेश्य को लेकर यहां के युवा आगे बढ़ रहें है और कुरुद नगर के सभी नागरिकों से निवेदन है की वो भी अपना योगदान इसमें देवे साथ द्धद्ध आपने घर मे या घर के आस- पेड़ पौधे लगाना हो तो हमसे सम्पर्क कर वे नी शुल्क पौधे ले जा सकते है ल इस मुहीम मे विनोद सचदेव, रविन्द्र पांडे, रविश चंद्राकर, मंजीत श्रीवास्तव, विजय साहू, मनीष राजपूत, हितेंद्र मानिकपुरी, गुलशन अग्रवाल, नवीन चंद्राकर, अवधेश, संभु,वेदप्रकाश पटेल आदि युवा शामिल है



## समाचार संक्षेप

### आड़ेझर मे चोरी करने वाले चोर को 24 घंटे के भीतर किया गया गिरफ्तार



**मोहला 22 जुलाई।** अम्बागढ़ चौकी थाना क्षेत्र में हुए चोरी की घटना में चौबीस घंटे में अम्बागढ़ चौकी पुलिस ने सुलझा लिया है, आवेदक वसंत कुमार बोटेले पिता स्व0 श्री कचरू राम बोदेले आडेड़ार थाना अं0चौकी के द्वारा उसके घर के अंदर घुसकर कर ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा आलमारी के अंदर लकर में रखे चेकदार रंग के प्लास्टिक थैला जिसके अंदर 1 नग चांदी का पट्टा कीमती 1000/-रू. 1 नग चांदी का करधन कीमती 30,000/-रू, 2 जोडी चादी का पायल कीमती 20,000 /- रू. 06 चांदी का पुराना रूपया माला कीमती 12,000/- रु. 2. जोडी चादी का बिछिया कीमती 600/- रु. 1 जोडी चांदी का अड़ठी कीमती 15.000/-रू. 1 नग चांदी का लाकेट कीमती 800/- रु. 02 नग सोने का मगलसूत्र एक में 07 पत्ती व दुसरे में 01 पत्ती लगा हुआ कीमती 32,000 रु. 01 जोडी कान का सोने का टाप्स कीमती 10.000 रू. 01 नग सोने का नथनी कीमती 11,000 रू एवं नगदी 1500 रू. कुल जुमला कीमती 1,33,900/- चोरी करके ले गया है की रिपोर्ट पर धारा सदर 305 (ए), 331(3) बीएनएस का अपराध कायम किया गया द्य आरोपी पता साजी हेतु थाना अं चौकी और साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाई गई , टीम के द्वारा चोरी की रिपोर्ट के 24 घंटे के भीतर ही आरोपी की पता तलाश कर आरोपी समारू निषाद पिता देवर सिंह निषाद उम्र 42 निवासी बीहरीखुर्द को दिनांक 21.07.24 को हिरासत से लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने से आरोपी के द्वारा चोरी का सामान पेश करने पर जप्त किया गया द्य बाद आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### बाबा बैद्यनाथ धाम दर्शन के लिए निकले बोल बम सेवा समिति कुरूद के भक्त



**कुरूद 22 जुलाई।** सावन महोत्सव 2024 का आयोजन बोल बम सेवा समिति ने सदा की भाँति इस बार भी समिति के सभी काँवरिया सदस्यो के लिए खास व्यवस्था कर 226 कावरियों सहित 25 सेवक सदस्यों कुल 251 काँवरियों का जत्था आज बाबा बैधनाथ धाम के लिए रवाना हुए। बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर ने प्रेस से चर्चा करते हुए कहा कि हमारी संस्था पुरे प्रदेश मे इतनी बड़ी संख्या मे कंवारिया का जत्था ले जाने वाली पहली संस्था है जो पिछले 24 वर्षो से इतनी बड़ी संख्या मे बोल बम सदस्यो के लिए यात्रा की व्यवस्था करते आ रही है। 24 वर्षो से मैं बाबा बैजनाथ धाम कावड़ यात्रा बाबा की नगरी जल चढ़ाने गंगा नदी में स्नान कर वहां से जल लेकर 105 किलोमीटर पैदल चलकर जल चढ़ाते हैंऔर कुरूद नगर की खुशहाली के लिए पूजा अर्चना कर अपना आशीर्वाद हमेशा बनाए रखना का आशीर्वाद लेते हैं। सुभाष अग्रवाल कुरूद बाबा बैजनाथ धाम में मुझे लगातार 30 वर्षो से जल चढ़ाने का सौभाग्य मिल रहा है । इस दौरान हम साधु सन्यासी के भेष में पीला वस्त्र धारण करते हैं बाबा हमारी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती है । सुरेखा रवि चंद्राकर 15 वर्षो से प्रतिवर्ष बाबा की कावड़ यात्रा में शामिल होकर जल अभिषेक करते आ रहे हैं ।सावन में कावड़ यात्रा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। शरद पंडा सावन में यात्रा करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है । किशोर यादव भक्तों को अपने हाथों जल अभिषेक करने से पुण्य प्राप्ति होती है । अजय कुमार बजरंग चौक कुर्मीपारा कुरूद लगातार 15 वर्षो से बाबा की कांवड यात्रा में मुझे जल अभिषेक चढ़ाने का सौभाग्य मिल रहा है इस वर्ष भी कावड़ यात्रा संघ कुरूद के दल के साथ बाबा दरबार पहुंचकर बाबा को जल अभिषेक करेंगे बाबा हमारे ऊपर कृपा बनाए रखें बाबा से यही प्रार्थना है। तुलाराम चंद्राकर 16 वर्षो से लगातार सावन में जल अभिषेक करने बाबा बैजनाथ धाम जाते हैं सावन माह खास महत्व माना गया है मान्यता है इस मंदिर में जल चढ़ाने से भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण होती है बाबा बैजनाथ की कृपा सदा हम पर बनी रहती है। कमल शर्मा 12 वर्षो से मैं कांवरिया दल के साथ सांसारिक वस्तुओं का पूर्णता त्याग कर और निस्वार्थ भाव से बाबा की कावड़ यात्रा में शामिल होकर नगर की खुशहाली के लिए जल चढ़ाते हैं। भारत साहू, अश्वनी ठाकुर, सावन माह में जल चढ़ाने से भक्तों के ऊपर बाबा हमेशा आशीर्वाद बनाए रखते हैं उनकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ फरसियां में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 22 जुलाई।** आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को पूरे भारत में गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है, इसी कड़ी में मां गायत्री प्रज्ञा पीठ फरसियां में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 2024 का आयोजन करके शिक्षक संगोष्ठी और शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य आयोजन कर्ता श्री रवि सोन जी श्री चित्रभानु तेजस जी श्री कृष्णकुमार जी तथा प्रज्ञा पीठ के सभी सम्माननीय जनों ने सेवानिवृत्त एवम् कार्यरत शिक्षकों को आमंत्रित किया तथा मां गायत्री के पावन मंदिर में विधि विधान के साथ कार्यक्रम का संचालन किया गया,आमंत्रित अतिथियों के स्वागत के पश्चात संगोष्ठी में सभी अतिथियों ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिवेश में बच्चों और युवाओं में हो रहे नैतिक मूल्यों का ह्रास उनमें संस्कारों की कमी बड़ों बुजुर्गों के प्रति उनके रवैए के बारे में अपनी बात रखते हुए उनके संस्कार व्यवहार और आचार विचार में परिवर्तन लाकर समाज को एक सुव्यवस्थित पीढ़ी किस प्रकार दी जा सकती है इस पर भी वक्ताओं ने विस्तार पूर्वक अपनी बात रखी । संगोष्ठी के उपरांत सभी आमंत्रित जनों को स्मृति चिन्ह और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया और सबको ऋषि चिंतन के सानिध्य में पुस्तिका का वितरण किया गया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री के एन यदुराज श्री वी के साहू श्री मुदित श्रीवास्तव श्री शारदा प्रसाद ग्वाले के साथ साथ श्री एम के बोरझा श्री शेष कुमार सोम श्री अशोक देवदास श्रीमती आभा श्रीवास्तव श्रीमती निशा साहू श्रीमती चैन चौधरी आदि उपस्थित थे,आभार प्रदर्शन श्री रवि सोन जी ने किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन श्री कैलाश सोन के द्वारा किया गया।

### 24 को होने वाले घेराव में बड़ी संख्या में जिले के कांग्रेसजन होगे शामिल

# ऐतिहासिक होगा विधानसभा का घेराव: राजेंद्र साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 22 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रस्तावित विधानसभा घेराव के संबंध में शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक 21 जुलाई रविवार को प्रभारी वरिष्ठ नेता श्री राजेंद्र साहू जी की उपस्थिति में रखी गई जिसमें राजनांदगांव जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में विधानसभा घेराव के लिए सभी कांग्रेसजन चर्चा की गई तथा जिम्मेदारियां बांटी गई।

बैठक का संचालन कर रहे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य की लचर कानून व्यवस्था, अपहरण, लूटपाट, हत्या तथा विगत दिनों बलौदाबाजार जिले में घटित आगजनी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दिनांक 24 जुलाई 2024 को रायपुर में विधानसभा घेराव किया जा रहा है जिसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जिले के प्रभारी श्री राजेंद्र साहू जी की अध्यक्षता में स्थानीय सतनाम भवन में जिला ग्रामीण एवं शहर कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक लेकर पदाधिकारीयों ,जनप्रतिनिधियों को आवश्यक जिम्मेदारियां दी गई। जिससे पूरे राजनांदगांव जिले की चारों विधानसभाओं से अधिक से अधिक संख्या में राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ आयोजित विधानसभा के चुनाव में अपनी आवाज बुलंद करेंगे। स्वागत भाषण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री भागवत साहू ने दिया और कहा कि 8 माह की प्रदेश की भाजपा सरकार के राज में अपहरण लूटपाट हत्या तथा कानूनी व्यवस्था की स्थिति दिन प्रतिदिन बद से बद्तर होते जा रही है इसके विरोध में यह विधानसभा घेराव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार किया जा रहा है। विधानसभा घेराव के प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री राजेंद्र साहू ने कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए कहा कि छह माह में ही भाजपनीत साय सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है, चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है, नक्सली गतिविधियां बढ़ी है, ऐसे कई अनगिनत मुद्दों को लेकर आने वाले 24 जुलाई को साय की कुंभकरणी निंद्रा को जगाने प्रदेश स्तरीय घेराव किया जा रहा है। इस बैठक को प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख,पूर्व मंत्री धनेश पाटीला, विधानसभा प्रभारी बृजेश शर्मा ,पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ,श्रीमती छन्नी साहू वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती शारदा तिवारी ने संबोधित किया। इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री शाहिद खान थानेश्वर पाटील, मेहुल मारू, ग्रामीण प्रभारी सुजीत बघेल, कमलजीत सिंह पिंटू, रमेश डाकलिया, कुतुबुद्दीन सोलंकी, सुदेश देशमुख, अंजुम अल्वी, पदम सिंह कोठारी, माया शर्मा, विवेक वासनिक, श्रीमती रुबीना अल्वी, रूपेश दुबे, मोहम्मद याहया, हनी ग्रेवाल, झम्मन लाल देवांगन, चुम्मन साहू,महेंद्र यादव, अजय मारकंडे, अशोक फडणवीस, नरेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, योगेंद्र प्रताप सिंह, मामराज अग्रवाल, मनीष गौतम, राहुल तिवारी, गणेश साहू, मोहम्मद खान, गुरभेज सिंह माखीजा, अमर झा, अभिमन्यु मिश्र, नीरज कनौजे, फरमान अली, मोहिनी सिन्हा, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, मनीष साहू, भागचंद साहू, प्रतिमा बंजारे, प्रवीण मेश्राम, मोहम्मद इब्राहिम, जयनारायण सिंह, रीना पटेल सहित जिलेभर से आए कांग्रेसजन उपस्थित थे।

संपादकीय

# यह अधिकार तो कानून ने दिया है

विपक्ष की आदत हो गई है कि वह हर बात में हिंदू मुसलमान करता है। वह यह सोचना ही नहीं चाहता है कि इस देश में बहुसंख्यक हिंदुओं को भी कानून से कुछ अधिकार मिले हुए हैं। उन्हें यह अधिकार दिया जाना कहीं से गलत नहीं है, न ही यह किसी वर्ग की उपेक्षा के लिए है। किसी वर्ग के लोगों के आर्थिक बहिष्कार के लिए है। केंद्र सरकार ने देश के लोगों के लिए फूड एंड सेफ्टी कानून बहुत पहले बनाया था। ताकि देश के लोगों को तय मानक के अनुसार खाद्य पदार्थ मिल सके। सामान खरीदने वालों को यह पता रहे कि वह जो खाद्य पदार्थ खरीद रहे हैं वह तय मानक के अनुसार है या नहीं, खाद्य पदार्थ क्या क्या मिलाकर बनाया गया है, वह शाकाहारी है,या मांसाहारी है, उसको बनाने वाले कौन हैं। होटल,दुकान है तो उसका संचालक कौन हैं, होटल में खाना पकाने वाले कौन है। यह सब जानने का अधिकार उपभोक्ता को भारत सरकार ने कानून बनाकर दिया है। यह अधिकार सिर्फ हिंदू या मुसलमान के लिए नहीं है, यह तो पूरे देश के लोगों के हित में बनाया गया है। यह कानून तो बहुत पहले से बनाया गया है। इस कानून को योगी सरकार ने सावन महीने के पहले यूपी में लागू कर दिया है तो विपक्ष ने अपने आपको को मुसलमानों का हितचिंतक बताने के लिए इस कानून को विभाजनकारी, संविधान के खिलाफ, सांप्रदायिक, भाईचारे को समाप्त करने वाला, गंगा जमुनी तहजीब के नष्ट करने वाला बताया। योगी सरकार पर चौतरफा दवाब डाला गया कि वह इस कानून को लागू न करें। पहले तो योगी सरकार ने इस कानून को मुजफ्फरनगर जिले के लिए ही लागू किया था लेकिन जैसे ही इसका विरोध किया गया उन्होंने इसे पूरे यूपी में लागू कर दिया। साथ ही यह साफ कर दिया गया कि यह कानून किसी के खिलाफ नहीं है। यह कानून तो कांवरियों को स्वच्छ, शुध्द, पवित्र खाद्य पदार्थ सहज मिल सके इसलिए लागू किया गया है। क्योंकि कांवरियों की शिकायत थी कि अशुध्द खाद्य पदार्थ के कारण उनका व्रत टूट जाता है। होटल का नाम हिंदू भगवान के नाम पर रहता है लेकिन हिंदुओं को वहां शुध्द भोजन नहीं मिलता है। इसलिए योगी सरकार ने कानून के तहत यह तय किया है कि कांवरियों को मार्ग में आने वाले होटलों, रेस्टोरेंट, फल दुकान आदि वालों को अपना नाम लिखना जरूरी होगा। ताकि उनके यहां के जो कांवरिए कुछ भी खरीदतें हैं तो उनको पता रहे कि वह किससे सामान खरीद रहे हैं। यह उपभोक्ता का अधिकार है। उसे यह अधिकार दिया गया है तो उसे इस अधिकार का इस्तेमाल करने का मौका योगी सरकार ने दिया है। इसके लिए योगी सरकार की तारीफ की जानी चाहिए कि कांवरियों के लिए उन्होंने वैसी व्यवस्था की है जैसी व्यवस्था वह चाहते थे। योगी सरकार के बाद उत्तराखंड सरकार ने यह कानून लागू कर दिया है। यह कानून तो पूरे देश में हमेशा के लिए लागू किया जाना चाहिए ताकि देश के लोगों को यह पता रहे कि वह किससे कैसा सामान खरीद रहे हैं। वह जैसा सामान चाहते हैं, खरीदा गया सामान वैसा है या नहीं। मुसलमान लोगों के लिए उनके समाज ने हलाल की व्यवस्था की है। उसका कोई विरोध नहीं करता है। मुसलमान किसी भी दुकान मे जाते हैं और वह हलाल सर्टीफिकेट वाला सामान मांगते हैं तो उनको मिल जाता है। पहले मुसलसान सिर्फ मांस की हलाल वाला चाहते थे। अब तो मुस्लिम समाज ने हलाल के नाम पर अपनी अलग इकानामी चला रहे हैं। हलाल इकानामी में यदि किसी को अपना सामान बेचना है तो उसके लिए मुस्लिम समाज ने ऐसी व्यवस्था की है कि कुछ संस्थाओं के पास जाकर आपको सर्टीफिकेट लेना पड़ेगा कि आपका बनाया सामान हलाल के नियमों के मुताबिक है। आज स्थिति यह है कि इस्लामिक देशों में कोई भी अपना सामान हलाल के सर्टीफकेट के बिना बेच नहीं सकता। हलाल सर्टीफिकेट के नाम पर जो सटीफिकेट दिया जाता है वह भी एक साल के लिए दिया जाता है यानी किसी को अपना सामान इस्लामिक देशों या मुसलमानों को बेचना है तो उनको हर साल सर्टीफिकेट के लिए एक मोटी रकम देनी पड़ती है। मुस्लिम समाज की हलाल व्यवस्था व इकानामी का हिंदू समाज कोई विरोध नहीं करता है। इसे कोई संविधान के खिलाफ, विभाजनकारी नहीं कहता है क्योंकि यह उनका अधिकार माना जाता है तो विपक्ष व मुस्लिम समाज को भी हिंदुओं के अधिकार का सम्मान करना चाहिए। यह स्वीकार करना चाहिए कि कानून ने सबको बराबर अधिकार दिया है।

पौधारोपण | तनवीर जाफरी

# पौधारोपण : अब नहीं तो कब ?



उस कोरोना काल को याद कीजिये जब कोविड प्रभावित लोग ऑक्सीजन के बिना तड़प तड़प कर मर रहे थे। पैसे खर्च करने पर भी ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही थी। देश के तमाम ऑक्सीजन प्लांट्स के फेल होने की खबरें सुनाई दे रही थीं। शमशान घाट लाशों से पटे पड़े थे। नदियों में लावारिस लाशें तैरती नजर आ रही थीं। उसी दौरान अनेक समझदार लोग ऐसे भी थे जिन्होंने पेड़ों पर अपना डेरा बना लिया था। कोई पेड़ के ऊपर चारपाई बांध कर लेटा बैठा रहता था तो तमाम लोग शुद्ध व ताजी ऑक्सीजन की चाह में पेड़ों के नीचे पनाह लेने को मजबूर थे। उस दौर में देश के लाखों ग्रामीणों ने तो बग़ीचों में ही अपना लगभग स्थाई अड्डा बना लिया था। गोया महामारी जैसे संकट के उस दौर में भी प्रकृति हमें पेड़ों व दरख़्तों के माध्यम से निःशुल्क ऑक्सीजन प्रदान कर रही थी। एक युवा पेड़ हमें एक वर्ष में लगभग 7 क्विंटल ऑक्सीजन प्रदान करता है जबकि हमारे लिये हानिकारक व हमारे ही द्वारा विभिन्न माध्यमों से छोड़ी जाने वाली लगभग 20 टन कॉर्बन डाई ऑक्साइड को भी खींच (सोख ) लेता है।

आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग का शिकार है। गत दस वर्षों से पृथ्वी के लगातार बढ़ते तापमान के कारण पूरे विश्व में ग्लेशियर पिघलने लगे हैं।आदिवासियों से उनके जल जंगल जमीनों के अधिकार छीन कर उद्योगपतियों के हवाले किये जा रहे हैं। ब्राजील से लेकर भारत तक बड़े पैमाने पर विकास के नाम पर वृक्षों की कटाई की जा रही है।मिसाल के तौर पर मध्य भारतीय राज्य छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य वन के लाखों पेड़ अडानी द्वारा संचालित परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान के विस्तार के लिये स्थानीय ग्रामीणों व आदिवासियों के प्रबल विरोध के बावजूद पुलिस बल की निगरानी में काटे जा रहे हैं। जबकि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का संकल्प लिया है। प्रचार के अनुसार इसी अभियान के तहत मध्यप्रदेश में साढ़े पांच करोड़ पौधे लगाए जाएंगे और इसी क्रम में 51 लाख पौधे केवल इंदौर में लगाये जाने की योजना है। इस समय देश का शायद ही कोई ऐसा विभाग हो जिसने वृक्षारोपण को लेकर सक्रियता न दिखाई हो। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि इस वर्ष गर्मी का जितना प्रकोप भारत सहित पूरी दुनिया ने झेला उतनी प्रचंड गर्मी पहले कभी नहीं देखनी व सहनी पड़ी। पूरे विश्व में लाखों लोग तेज गर्मी की तपिश सहन न करते हुये तड़प कर मर गये। इसलिये इस भीषण गर्मी में भी लोगों को वृक्षों ने आकर्षित किया तथा पेड़ों ने अपनी जरूरत का एहसास कराया। ग़ौरतलब है कि एक बड़े वृक्ष के नीचे औसतन चार डिग्री तापमान कम रहता है। साथ ही यही वृक्ष तेज धूप की तपिश से भी बचाता है। वतर्मान युग में बढ़ती गर्मी का एक कारक प्रदूषण भी है। प्रदूषण में धुएं के अतिरिक्त धूल मिटटी शोर ग़ुल यानि ध्वनि प्रदूषण का भी अहम योगदान है। परन्तु एक स्वस्थ वृक्ष एक वर्ष में न केवल 20 किलोग्राम से अधिक धूल मिट्टी अपने आप में सोख लेता है बल्कि शोर ग़ुल यानि ध्वनि प्रदूषण को भी कम करता है। इतना ही नहीं बल्कि यही वृक्ष क़रीब 1 लाख वर्ग मीटर प्रदूषित हवा का भी निस्पंदन करता है। यही वृक्ष 80 किलोग्राम पारा, लीथियम व लेड जैसी जहरीली धातुओं के मिश्रण को भी सोखने की क्षमता रखता है।

पेड़ पौधों की अहमियत को वैसा तो कोविड काल ने ही लोगों को ठीक से समझा दिया था। खासकर शहरी जीवन बिताने वाले लोगों को तो कुछ ज़्यादा ही। क्योंकि कोविडकाल के बाद पूरे देश में शहरी इलाक़ों में गमलों व इनमें पौधे लगाने का चलन पहले से कई गुना ज़्यादा बढ़ गया है। पक्की फर्श वाले मकानों में रखे हुये पर्याप्त मात्रा में गमले में लगे पौधे बेशक एक घर के तापमान को तो नियंत्रित करने व ऑक्सीजन देने की क्षमता तो रखते ही हैं। यह कोविड काल की ही दहशत है जिसके चलते पूरे देश में प्लास्टिक,मिटटी व सीमेंट के गमलों तथा नसरींज में पौधों की बिक्री कोविड काल के बाद कई गुना अधिक हो चुकी है। वृक्षों का बादलों से भी गहरा नाता है। आम तौर पर रेगिस्तानी क्षेत्रों में बारिश इसलिए नहीं होती या अत्यधिक कम होती है क्योंकि वहां पर्याप्त संख्या में वृक्ष नहीं होते। जबकि दुनिया में अनेक घने जंगलों के इलाक़े ऐसे भी हैं जहाँ घने जंगलों के कारण अत्यधिक वर्षा होती है। ऐसे घने जंगलों को वर्षावन भी कहा जाता है। गोया वृक्ष,बादल ,बारिश हरियाली मानव जीवन और खुशहाली का आपस में एक दूसरे से सीधा नाता है। नदी नालों के कटाव को रोकने में भी वृक्ष अहम भूमिका अदा करते हैं। यानी बाढ़ रोकने में सहायक होते हैं। हमें अध्ययन करने से तो यहाँ तक पता चलता है कि समुद्री किनारों पर पाए जाने वाले मैंग्रोज के पेड़ व इन के घने जंगल सुनामी की गति को नियंत्रित करने तक का काम करते हैं। इतना ही नहीं बल्कि यह समुद्री क्षेत्र के विस्तार को भी रोकते हैं। जबकि इन पेड़ों की आधी जड़ें भी धरातल के ऊपर होती हैं।



बहरहाल,वृक्षारोपण को इस समय मानव जीवन के अस्तित्व से जोड़कर देखने की जरुरत है। किसी सरकार,शासन या प्रशासन की तरफ मुंह देखने के बजाये जनता को स्वयं इसे जनांदोलन के रूप में लेना होगा और अपनी आदतों में शामिल करना होगा। याद रहे कि सरकारें वृक्षारोपण का शोर कर सकती हैं,इसपर चलाये जाने वाले अभियान का प्रचार कर सकती हैं,इसके नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा सकता है। और तो और लगे लगाये दरख़्तों व जंगलों को कार्पोरेट्स के हित में कटवाने की भागीदार भी हो सकती हैं। विज्ञापनों व साक्षात्कार के माध्यम से इसके महत्व का बखान कर सकती हैं परन्तु चूँकि यह 'वोट बैंक ' से जुड़ा विषय नहीं इसलिये इसके प्रति उतनी गंभीरता नहीं दिखातीं जितनी कि जरूरत है। लिहाजा आज देश के प्रत्येक नागरिक को चाहे वह बच्चा,बूढ़ा,जवान महिला कोई भी हो उसे वृक्षारोपण को अपनी आदतों में शामिल करना होगा। स्वयं उसकी देखभाल व निगरानी करनी होगी।मां के नाम का केवल एक पेड़ ही काफी नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को खासतौर पर वर्षाऋृतु में जहाँ और जितने हो सकें अधिकतम वृक्ष लगाने होंगे। इसी अपने जीवन की दैनिक गतिविधियों में शामिल किये जाने की जरुरत है। शादी विवाह,मरना जीना ,जन्मदिन मरणदिन विवाह अथवा जन्म या मृत्यु की सालगिरह बरसी प्रत्येक अवसर को यादगार बनाने हेतु हर इन अवसरों पर वृक्षारोपण करें। यदि धरती के बढ़ते तापमान के दौर में वृक्षारोपण के प्रति अब भी हम गंभीर व सक्रीय नहीं हुये तो और कब होंगे ?

## आज का राशिफल

मेष राशिःआज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज व्यवसाय में भविष्य की कार्य योजनाओं के लिए उचित मंथन करने की जरूरत है। आज व्यवसायिक कामों में सहयोगियों और जीवनसाथी के निर्णय को प्राथमिकता देंगे। आज घर में किसी मांगलिक कार्य संबंधी योजना बनेगी और सुखद माहौल रहेगा। छात्र आज किसी प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कार्य कुशलता दिखाएँगे। आज आपका स्वास्थ अच्छा रहेगा।

वृष राशिः आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज कुछ समय व्यक्तिगत कार्यों में बिताने से आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। सामाजिक गतिविधियों में भी रुझान बढ़ेगा। फाइनेंस संबंधी गतिविधियां समय पर निपटा लेंगे। कुछ लोग जलन की भावना से आपके बारे में अफवाहें फैला सकते हैं। परंतु इन बातों को नजरअंदाज करके आप अपने कार्यों में ही व्यस्त और मस्त रहें। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। दफ्तर में कोई उलझा हुआ मामला आज सुलझ सकता है। आज ऑफिस में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने का बेहतरीन समय है। आज ऑफिस में अपने उच्चाधिकारियों के साथ अच्छा व्यवहार करेंगे और समय पर अपने काम को पूरा करें। आपकी कड़ी मेहनत से आपको सक्सेस मिलेगी जिससे आप रिलेक्स फील करेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। बच्चों को आज पढाई में मन लगाने की जरूरत है। धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों में भी कुछ समय बीतेगा। साथ ही जरूरतमंद लोगों की सहायता करके मानसिक सुकून भी मिलेगा। आज कोई भी समस्या आने पर नकारात्मक विचारों को अपने ऊपर हावी नहीं-होने देंगे। परिवारिक रिश्तों में मिठास बढ़ेगी।

सिंह राशिः आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी एसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। आज घर में परिवार जनों के साथ मिल-जुलकर कुछ नवीनीकरण व साज-सज्जा को लेकर कुछ विचार-विमर्श करेंगे। आज अपने दोस्त की किसी बात का बूरा ना माने, दोस्ती मजबूत होगी। पारिवारिक ताल-मेल मजबूत होगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कन्या राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के कोर्ट कचहरी के मामले से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। किसी विशेष मुद्दे पर विचार-ऑफिस में सीनियर्स से बात-चीत करेंगे। घर में सुधार संबंधी योजनाओं को क्रियान्वित करते समय वास्तु संबंधी नियमों का भी पालन करेंगे। इस राशि के छात्र आज ज्यादा मेहनत करेंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम असान हो जायेंगा। आज आपका व्यक्तित्व व रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना। लोगों के बीच आकर्षण का कारण बनेगा। समाज में आपकी छवि और अधिक निखरेगी। अपनी कार्यप्रणाली व्यवस्थित बनाए रखने से समय की बचत होगी। आपको अपना करोबार बढ़ाने के लिए आज कई मौके मिलेंगे। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को आज अच्छी खबर मिलेगी।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। बेवजह के कामों में अपना समय बर्बाद न करके रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे तो फायदा हो सकता है। आज व्यस्तता से भरी दिनचर्या रहेगी, फिर भी आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा लेंगे। आज घर में खास मेहमानों के आने से खुशी भरा माहौल रहेंगा। अगर आप किसी उद्देश्य से यात्रा का प्लान कर रहे हैं, तो वह उत्तम रहेगा। आप जितनी मेहनत करेंगे। आपको उतने ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे। आज स्थितियां आपके फेवर में होंगी।

धनु राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यापारियों का कारोबार तेजी से आगे बढ़ेगा। आज काम करने के तरीको में बदलाव न करके मौजूदा स्थिति पर ही फोकस करेंगे। आज बिजनेस के कामों में कोई भी फैसला लेते वक्त परिवार वालों की सलाह जरूर लें, आपको उचित समाधान मिलेगा। ऑफिशियल कामकाज में सफलता मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आगमन से परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा।

मकर राशिः आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज अपने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उनका प्रोत्साहन करेंगे। आज आपका बिजनेस अच्छी गति से आगे बढ़ेगा, जिससे अधिक मुनाफा होगा। नौकरी कर रहे लोगों को भी अपनी जॉब से संबंधित कोई महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कुंभ राशिः आज आपका दिन बहुत ही खास होने वाला है। आज आप नया सीखने की चाहत आपके अनुभव को और अधिक बढ़ाएगी। आज उलझे हुए कार्यों में अनुभवी लोगों का सहयोग मिलने से कार्य पूरा हो जायेगा। आज राजनीतिक व सामाजिक संपर्क सूत्र आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आज आपका सभी कामों में मन लगेगा। आज आप कोई साहित्यिक बुक पढ़ सकते हैं।

मीन राशिः आज आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए खुशिया लेकर आया है। आज अपनी दिनचर्या को लेकर बनाए गए नियम आपको राहत देंगे और कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न होते जाएंगे। आज किसी विशेष पॉलिसी में निवेश आने वाले समय में फायदेमंद साबित होगा। आज पैतृक संपत्ति से संबंधित मामला आसानी से हल हो सकता है। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका सपोर्ट भी मिलेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आपकी मेहनत सफल रहेगी।

## ब से बिल्ली

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

मैं हूं एक पागल बिल्ली,
जिसे कवियों ने चिढ़ाया।
इनके हर शब्द में छुपा है
मेरे लिए एक नया साया।

अब कवि तो खैर कवि ही होते हैं, उन्होंने सोचा कि यह बिल्ली अब भी हमें कविता से भटका सकती है। तो उन्होंने और भी कविताएं लिख डाली। अब तक की कविताओं में एक नई बारूद घुल गई थी।

बिल्ली के जीवन में एक और अध्याय जुड़ गया। कवि उसे अक्सर कवि सम्मेलन के बीच में बुलाने लगे, उसकी कविता की वाह-वाह करने लगे। लेकिन एक दिन तो कुछ ऐसा हुआ कि बिल्ली की स्थिति और भी बुरी हो गई। कवि सम्मेलन के दौरान अचानक एक कवि ने मंच पर कहाः

बिल्ली की कविता अब हमें बोर कर रही है, चलिए कुछ नया करते हैं। सारे कवि तुरंत सहमत हो गए और अब वे बिल्ली के बारे में और नई कविताएं लिखने लगे। लेकिन हर कवि ने सोचा कि अबकी बार कविता को और भी जटिल और चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। बिल्ली की हालत अब और भी खराब हो गई। वह अपनी पहचान को खो चुकी थी। न तो वह अपने घर जा पा रही थी और न ही अपनी पुरानी ज़िंदगी को पा पा रही थी। कवियों के दिमाग में बेतुके विचारों की बौछार ने उसकी ज़िंदगी को पूरी तरह से उलझा दिया था।

फिर एक दिन, जब बिल्ली ने देखा कि कवियों के पास और कुछ नहीं था सिवाय कविता के, उसने एक फाइनल निर्णय लिया उसने एक दिन कवि सम्मेलन में जाकर अपना कविता अवार्ड सभी कवियों को दे डाला और खुद को कविता से मुक्त कर लिया।

इस तरह, बिल्ली ने सबक सिखाया कि कवि कितने भी बहादुर क्यों न हों, लेकिन जब वो एक पागल बिल्ली के सामने होते हैं, तो उनकी कविताओं का असर पलभर में नकारात्मक हो जाता है। और सबसे बड़ी बात, कविता की बौछार के बीच खुद को बचा पाने की कला को सबसे अच्छी तरह से निभाया। अब कवि अपनी कविताओं के बिना भी शांति की नींद सो सकते थे और बिल्ली को आखिरकार चैन की नींद मिली। यह कहानी बिल्ली की होशियारी की कहानी है, जो न केवल कवियों के संग तगड़ी प्रतियोगिता में लड़ी, बल्कि कविता को भी एक नए आयाम तक पहुंचाया।

## सेब के छिलके के फायदे कर देंगे आपको



चेहरे पर होने वाले पिंपल से अधिकतर लोग परेशान रहते हैं. इससे छुटकारा पाने के लिए लोग बाजार के कई महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं. यही नहीं कुछ लोग तो मेडिकल ट्रीटमेंट की भी सहायता लेते हैं, लेकिन अब आप एक घरेलू नुस्खा आजमा कर अपने चेहरे को चमकदार और खूबसूरत बना सकते हैं.हम बात कर रहे हैं सेब की. यह सेहत के लिए फायदेमंद होने के साथ साथ त्वचा के लिए भी काफी लाभकारी माना गया है. सेब के छिलके का इस्तेमाल कर आप अपनी त्वचा को निखार सकते हैं. आइए जानते हैं सेब के छिलके का इस्तेमाल कैसे करें.

**सेब के छिलके का फेस पैक**-आप सेब के छिलके का फेस पैक बना सकते हैं. इसका फेस पैक बनाने के लिए सेब के छिलके को कुछ दिनों तक धूप में सुखाएं, फिर इसका पाउडर बना ले. अब दो चम्मच सेब का पाउडर, एक चम्मच बारीक पिसा हुआ दलिया पाउडर और एक चम्मच शहद, इन तीनों को अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट तैयार कर ले. इस पेस्ट को 15 से 20 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें.इसके बाद साफ पानी से अपना चेहरा धो लें. इसके अलावा आप सेब के छिलके से एक और फेस पैक बना सकते हैं. इसके लिए आपको एक कटोरी में दो चम्मच सेब के छिलके का पाउडर लेना है और इसमें जरूरत के हिसाब से थोड़ा दूध मिलाकर पेस्ट तैयार करना है.इस पेस्ट को आप अपने चेहरे और गर्दन पर 15 से 20 मिनट के लिए लगाएं. उसके बाद साफ पानी से अपना चेहरा धो ले. आप इस फेस पैक में दो चम्मच बटर मिल्क भी मिल सकते हैं. यह भी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद माना गया है.

**सेब के छिलके के फायदे**-अगर आप सेब के छिलके से बने फेस पैक का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे चेहरा सॉफ्ट और चमकदार बनता है. सेब के छिलके में मौजूद विटामिन ए, सी, ई और के भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो स्किन को मॉइस्चराइज करने में काफी मदद करता है, साथ ही दाग धब्बे और पिंपल्स से छुटकारा दिलाता है. यही नहीं सेब के छिलके का इस्तेमाल कर आप आंखों के नीचे होने वाले काले घेरे से भी छुटकारा पा सकते हैं.

प्रासंगिक | मनोज कुमार अग्रवाल

# पाकिस्तान की शह से फिर सक्रिय हो रहे हैं आतंकवादी



धारा 370 हटने के बाद जम्मू में कुछ समय से शांति मानी जा रही थी। यहां छुटपुट घटनाओं के अलावा कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ था लेकिन अचानक साल 2023 में यहां आतंकी घटनाएं बढ़ गई और 43 आतंकी हमले हुए, जिनमें 16 से ज्यादा जवान शहीद हो गए ।अगर पिछले 3 साल की बात करें तो 43 जवान शहीद और 23 से ज्यादा नागरिक इन आतंकी घटनाओं में मारे गए।भारतीय सेना ने इस इलाके में आतंकवाद को दोबारा जिंदा करने के लिए पाकिस्तान से आए आतंकवादियों का पता लगाने के लिए इलाके में लगभग 500 पैरा स्पेशल फोर्स कमांडो को तैनात किया है।

आंकड़ें बताते हैं कि आतंकवाद अब जम्मू में अपने पैर पसार रहा है।जम्मू में पिछले कुछ महीने में 9-10 आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं।इनमें सबसे बड़ा हमला 9 जून को रियासी में हुआ था, जहां तीथर्यात्रियों से भरी एक बस को आतंकियों ने निशाना बनाया,जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई । फिर 8 जुलाई को दहशतगर्दों ने घात लगाकर सेना के काफिले पर हमला किया, जिसमें 5 जवान शहीद हुए। अप्रैल 2024 से अब तक आतंकियों के हमले में 24 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं,इनमें सेना के जवान भी शामिल थे। जानकारों का मानना है कि बीते कुछ सालों में ऑपरेशन 'ऑल आउट' के तहत सेना ने कश्मीर में आतंकियों की कमर तोड़कर रख दी इस दौरान भारी तादाद में आतंकी और उनके सरगना मारे गए। घाटी में लगभग हर बड़े नेटवर्क का सफाया कर दिया गया।सेना ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ पर काफी हद तक रोक लगा दी। ऐसे में आतंक के आकाओं ने अपनी रणनीति और पैटर्न को बदलते हुए जम्मू को निशाना बनाना प्रारंभ कर दिया ।आपको पता है कि पिछले कुछ महीने से जम्मू में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। माना जा रहा है कि कश्मीर में मुंह की खाने के बाद आतंकियों ने नई स्ट्रैटेजी और पैटर्न के तहत जम्मू को हमले का नया ठिकाना बना लिया है, जम्मू क्षेत्र में पहाड़ी गुफा व जंगल का बड़ा क्षेत्र आतंकियों के छिपने के लिए काफी सुरक्षित साबित हो रहा है। गौर तलब है कि जम्मू-कश्मीर को प्राप्त विशेष दर्जे ने यहां अलगावादी ताकतों को सिर उठाने का मौका दिया । ये ताकतें पिछले 70 साल से आतंक मचा रही हैं , जिसे पड़ोसी देश पाकिस्तान का खुला समर्थन हासिल है।चरमपंथियों द्वारा सत्ता शासित पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर कश्मीर को भारत से अलग करने की साजिश का जाल बुनता रहा है। दरअसल 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को गहरी हताशा हाथ लगी बांग्लादेश के अलग अस्तित्व में आने से जख्मी पाकिस्तान फन कुचले सांप जैसा हो गया , इसलिए उसने भारत के खिलाफ साजिश की शुरुआत की और अलगावादियों को शह देना शुरू कर दिया। 1990 के दशक में आतंकवादी घाटी में अत्यधिक सक्रिय हो गए और भारत सरकार के सामने चुनौती बनकर खड़े हो गए। इंटरनेशनल जिहाद के नाम पर भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया गया। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की स्थिति आर्टिकल 370 हटने के बाद बिलकुल अलग है।अब आतंकी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए हमले कर रहे हैं।वे नहीं चाहते हैं कि प्रदेश में शांति हो और जम्मू-कश्मीर शांति के साथ भारत का अंग रहे।



अलगाववादियों ने कश्मीर से गैर मुसलमानों को खदेड़ा जिसकी वजह से लगभग तीन लाख हिन्दुओं ने कश्मीर छोड़ दिया। पहले कश्मीर में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम लागू था।जिसके अंतर्गत सेना को विशेष शक्तियां प्राप्त थी। इसमें सेना स्वयं संबंधित क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए कई निर्णय ले सकती हैं, जिसमें आतंकियों की तलाश करना और गोली मारना भी शामिल था। लेकिन बाद में अफस्पा के लागू करके सेना की शक्तियां सीमित कर दी गी। परिणाम स्वरूप कश्मीरी पंडितों पर हमले बढ़ गये और उन्हें अपना घर-बार छोड़कर रिफ्यूजी बनना पड़ा। बांग्लादेश की मुक्ति के बाद पाकिस्तान की मंशा हमेशा यह रही कि वह जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग कर हिसाब चुकता कर दे, जबकि भारत ने हमेशा ही जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानकर इसके विकास और शांति के लिए ऐडी से चोटी का जोर लगाया है। यही वजह है कि जब भी पाकिस्तान ने विदेशी मंचों पर जम्मू-कश्मीर का मसला उठाने की कोशिश की, भारत ने उसे मुंहतोड़ जवाब दिया और कश्मीर से धारा 370 हटा कर जम्मू-कश्मीर को अपनी प्राथमिकता का विश्व को संदेश दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव के समय से आतंकी घटनाएं पुनः बढ़ी हैं, जो यह साफ बताती हैं कि आतंकवादियों की मंशा क्या है। दरअसल आने वाले दिनों में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होना है। आतंकी ताकतें चुनाव को बाधित करना चाहती हैं। पाकिस्तान परस्त आतंकी यह नहीं चाहते कि जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण मतदान हो।आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद सरकार गांव-गांव तक पहुंची है, कम्युनिकेशन बढ़ा है, जिसकी वजह से सेना हर जगह पहुंच रही है और सरकार भी पहुंच रही है।लोगों को रोजगार मिल रहा है।स्कूलों में छात्र लौटे हैं। मस्जिदों से देश विरोधी नारे नहीं लग रहे और ना ही हुर्रियत देश विरोधी नारों और गतिविधियों के साथ सड़क पर उतर रहा है।सरकार ने अलगाववादियों पर नकेल कस दी है जो पुलिस उनकी सुरक्षा में थी वह आज उनकी निगरानी कर रही है।एक और बड़ी बात है, जो आतंकवादियों को बहुत अखर रही है,वह यह कि आर्टिकल 370 के हटाए जाने के बाद कश्मीरी पंडितों को उनके घरों में फिर से बसाया जा रहा है और उन्हें नौकरी दी जा रही है, अभी इस दिशा में काम कम हुआ है, लेकिन सरकार प्रयासरत है, इस बात से आतंकी नाराज हैं और इस प्रक्रिया को रोकना चाहते हैं।

यही कारण है कि वे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।वे लोगों को भयभीत कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटा दिया गया और जम्मू-कश्मीर का विभाजन कर उसे तीन हिस्सों में बांटकर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया। आर्टिकल 370 को हटाने का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर को अन्य राज्यों के समान हैसियत देना और यहां से आतंकवाद मिटाना था। आर्टिकल 370 हटने के पांच साल बाद घाटी में हालात काफी बदले हैं, लेकिन आतंकवाद पूरी तरह समाप्त हो गया, यह कहना अभी सही नहीं होगा , क्योंकि आतंकी घटनाएं होती रहती हैं।जानकारी के अनुसार मजहब के नाम पर कुछ स्थानीय वाशिंदो ने आतंकियों की मुखबिरी करना चालू कर दिया है। माना जा रहा है कि जम्मू के कई इलाकों में आतंकियों के मददगार मजहब, पैसे और भय के दबाव में भेदिए का काम कर रहे हैं। जिससे दहशतगर्दों को सेना और नागरिकों को शिकार बनाने में मदद मिल रही है।इन भेदियों की मदद से उन्हें सुरक्षाबलों के हर मूवमेंट की खबर मिल रही है और वे हमला करने में कामयाब हो रहे हैं। वहीं अफगानिस्तान से वापस लौटी अमेरिकन आर्मी के सैन्य कर्मी काफी तादाद में हथियार वहीं छोड़ गए थे।पाकिस्तान के जरिए अमेरिकी फौज के बचे खुचे हथियार भारत में हिंसा फैलाने के लिए दहशतगर्दों को पहुंचाए गए हैं। जिस कारण आतंकियों का हौसला कुछ बढ़ गया है लेकिन भारत सरकार आतंक को नेस्तनाबूद करने के लिए दृढ़ संकल्प लिए है और जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का नामोनिशान मिटा कर रहेगी।





# एनएमडीसी और नगरपालिका की तकरार व आफत की बारिश के कारण एनएमडीसी खदान का बहा चैकडैम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 22 जुलाई।** जिले में लगातार 3 दिनों से हो रही तेज़ बारिश के कारण एनएमडीसी 11बी का चैकडेम बहाने से भयानक रूप ले लिया जब एनएमडीसी लौह अयस्क की खदान क्रमांक 11बी के चेक डेम नंबर 6 के ऊपर से पानी बहने लगा और देखते ही देखते पानी का सैलाब लौह चूर्ण के साथ पहाड़ियों के रास्ते पहाड़ी नालों के रास्ते नगर में घुस गया ।थोड़ी देर में चारो तरफ तबाही का मंजर देखने को मिला किरंदुल बंगाली कैम्प के 3 नंबर वार्ड 4 नंबर वार्ड 6 नंबर वार्ड में लौह चूर्ण के साथ पहाड़ी नाले का पानी घरों में घुस गया । घर का समान छोड़ जान बचा कर लोग भागे लाल पानी का सैलाब इतना भयानक था कि उसके जद में जो कुछ भी आया उसको बहा कर ले गया 3 गाय बहती हुई जा रही थी उसको बचाया गया वही 2 बच्चे भी पानी में बह गए जिनको बचा कर अस्पताल पहुचाया गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि उसके बहाव में मोटरसाइकिल, कार यहां तक कि बड़ी ट्रक भी बह गई।लोगो के पास कुछ भी नही बचा महिलाओं ने रो रो कर बताया कि हमारे पास पहनने के लिए कपड़े तक नही बचे घर के अंदर कमर तक कीचड़ भर गया है घर का पूरा समान खराब हो गया है।

एनएमडीसी ने 6 नंबर चेक डेम की नही करवाई सफाई जिसके कारण हुई इतनी बड़ी आपदा ।डैम की कैपिसिटी 10 हजार क्यूबिक मीटर है जिसकी सफाई हर वर्ष होनी है । परंतु एनएमडीसी और नगरपालिका के बीच आपसी तकरार के कारण दो सालों से नहीं हुई हैं सफाई

किरंदुल बंगाली कैम्प से एक किलोमीटर की दूरी में लौह अयस्क खदान के नीचे एनएमडीसी ने 1989 में 6 नम्बर चैकडैम का निर्माण किया था ताकि बरसात के दौरान लोह अयस्क की खदानों से जो लोह चूर्ण पहाडी के झरने के साथ बह कर नीचे आये उसे डैम में रोक लिया जाए ।जिसके लिए डैम की ऊंचाई 6 मीटर और चौड़ाई 40 मीटर रखी गई है । डैम की कैपिसिटी 10 हजार क्यूबिक मीटर है ।जिसको एनएमडीसी हर वर्ष अपने ठेकेदारों से साफ करवाती थी।लेकिन पिछले 2 वर्षों से नगरपालिका किरंदुल और एनएमडीसी के बीच आपसी विवाद के कारण 6 नम्बर चैकडैम की सफाई नहीं कि गई ।जिस कारण डैम ओवरफ्लो हुआ और जिसका नतीजा जनता को सहना पड़ा ।

**एक नजर**

## काम दिलाने के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार



**कांकेर, 22 जुलाई।** जिले के चारामा थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग युवती से सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर उसे काम दिलाने के बहाने अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक सुरेश धाकड़ को पुलिस ने राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार कर आज रविवार को चारामा लेकर पंहुची है, आरोपी के साथ उसकी मदद करने वाले उसके सगे भाई जशवंत धाकड़ को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के बाद गर्भवती हुई नाबालिग ने एक बच्चे को भी जन्म दिया है। चारामा थाना प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि आरोपी और उसे आर्थिक रूप से मदद करने वाले उसके भाई को गिरफ्तार किया गया है, आगे की कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चारामा क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग युवती का इंस्टाग्राम के माध्यम से युवक सुरेश धाकड़ से परिचय हुआ था, जिसके बाद दोनों में बातचीत शुरू हो गई थी, इस बीच आरोपी युवक ने रायपुर में काम दिलवाने के बहाने युवती को रायपुर ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद नाबालिग युवती किसी तरह वहा से भाग कर अपने घर पहुंची और डर के कारण किसी को घटना की जानकारी नहीं दी, लेकिन इस बीच नाबालिग गर्भवती हो गई जिसके बाद परिजनों को पूरे घटना के संदर्भ में पता चला। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासजी के दौरान आरोपी के राजस्थान में छुपे होने की खबर मिलने पर पुलिस ने टीम बनाकर राजस्थान भेजा गया था। जहां जयपुर जिले में शिवदासपुर से आरोपी सुरेश धाकड़ को गिरफ्तार किया गया है, वही पूरे घटनाक्रम में आरोपी की छुपने में मदद करने वाले उसके सगे भाई जशवंत धाकड़ को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## पुलिस की गश्त का असर चोर एटीएम को छोड़कर भागे



**तिल्दा नेवरा।** चोरों के दुस्साहस की दाद देनी होगी एटीएम मशीन से रुपए चोरी करने के बजाए नोटों से भरी एटीएम मशीन को ही उखाडने़ ले जाने की जुगत में थे लेकिन उसी समय गश्ती पुलिस के सायरन को सुन एटीएम मशीन को वहीं छोड़कर रफूचक्कर हो गये। एटीएम चोरी का यह पूरा मामला रायपुर जिले के तिल्दा का रविवार की मध्यरात्रि का है।मिली जानकारी के अनुसार तिल्दा सिमगा मुख्य मार्ग पर सासाहोली में विश्राम गृह के पहले इंडिया नंबर वन का एटीएम लगा हुआ है,जहां बीती रात्रि लगभग 1.30 बजे अज्ञात चोरों ने उक्त एटीएम को चोरी करने का प्रयास किया। अज्ञात चोरों ने सबसे पहले आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को निष्क्रिय किया और उक्त एटीएम को उखाड़ कर बाहर ले आये और एटीएम के शटर को बंद कर दिया। बताया जाता है कि एटीएम मशीन में लाखों रुपए भरे हुए थे। जिस समय अज्ञात चोर इस घटना को अंजाम देने में लगे हुए थे ठीक उसी समय नेवरा पुलिस की टीम गश्त पर निकली हुई थी। पुलिस वाहन में लगे सायरन को सुनकर अज्ञात चोर एटीएम मशीन को वहीं बाहर छोड़कर फरार हो गए। इससे पूर्व भी तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सरोरा में इंडिया नंबर वन के एटीएम मशीन को अज्ञात चोर उखाड़ कर ले गए थे।

# संघ के स्वयंसेवकों ने मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 22 जुलाई। गुरू पुर्णिमा के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दंतेवाड़ा द्वारा गायत्री मंदिर के सभाकक्ष में गुरू पुर्णिमा सह गुरू दक्षिणा उत्सव मनाया गया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के स्वयंसेवक उपस्थित थे। ज्ञात हो कि गुरू पुर्णिमा को संघ के छह उत्सवों में सर्वोपरि माना गया है। इस दिन संघ के स्वयंसेवक भगवा ध्वज की पूजा वंदना करते हैं और ध्वज के सम्मान में कई चीजें समर्पित करते हैं। संघ भगवा ध्वज को त्याग और समर्पण का प्रतीत मानता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भगवा ध्वज को ही अपना गुरू माना है। हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरू पुर्णिमा के शुभ अवसर पर रविवार 21 जुलाई को संघ ने गुरू पूजन सह गुरू दक्षिणा उत्सव उत्साह के साथ मनाया। गुरू पूजन उत्सव की शुरूआत शाम 6.30 बजे हुई। गुरू पूजन कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हेमंत साहू एवं जिला संघ चालक संतोष महापात्र ने सर्वप्रथम आरएसएस के संस्थापक डॉ0केशव राव बलिराम हेडगेवार, द्वितीय सर संघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवरकर एवं भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर भगवा ध्वज को वंदन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हेमंत साहू (संस्कृत भारतीय प्रांत संगठन मंत्री) ने अपना उद्बोधन दिया। श्री साहू ने कहा कि असाढ़ मास में आने वाली पहली पुर्णिमा को गुरू पुर्णिमा कहते हैं। व्यास महर्षि आदि गुरू हैं इसलिए गुरू पुर्णिमा को व्यास पुर्णिमा भी कहा गया है। मुख्य वक्ता श्री साहू ने गुरू पूजन एवं गुरू दक्षिणा पर विस्तार से अपनी व्याख्यान देते कहा कि पारंपरिक रूप से गुरू पुर्णिमा का दिन वह समय है जब साधक गुरू को अपना आभार अर्पित करते हैं और उनका आर्शीवाद प्राप्त करते हैं। गुरू शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की ऐसी अनुपम धरोहर है जिसकी मिसाल दुनिया भर में दी जाती है। भगवा ध्वज सदियों से भारतीय संस्कृति और परंपरा का श्रद्धेय प्रतीक रहा है। उन्होने कहा कि संघ किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि भगवा ध्वज को ही अपना गुरू मानता है। इसलिए आज हम सभी स्वयंसेवक यहां भगवा ध्वज को अपने गुरू के रूप में उनकी वंदना करने एवं उनके प्रति समर्पण भाव लेकर यहां उपस्थित हुए हैं। उन्होने कहा कि जब डॉ0 केशव बलिराम हेडगवार जी ने संघ की स्थापना की तभी से उन्होने इस ध्वज को स्वयंवेवकों के सामने समस्त राष्ट्रीय आदर्शो के सर्वोत्तम प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया और बाद में व्यास पुर्णिमा के दिन गुरू के रूप में भगवा ध्वज के पूजन की परंपरा आरंभ की। अनेक स्वयं सेवक चाहते थे कि संघ के संस्थापक के नाते वे ही इस संगठन के गुरू बनें मगर डॉ0 हेडगेवार जी ने हिन्दु संस्कृति, ज्ञान, त्याग और सन्यास के प्रतीक भगवा ध्वज को गुरू के रूप में प्रतिष्ठित करने का निर्णय लिया तभी से यह परंपरा चली आ रही है और संघ के स्वयं सेवक भगवा ध्वज को ही अपना गुरू मानते हैं और हर साल व्यास पुर्णिमा तिथि अर्थात गुरू पुर्णिमा पर भगवा ध्वज का वंदन पूजन करते है। अंत में उन्होने कहा कि अगले वर्ष 2025 में संघ की स्थापना का 100 वां वर्ष होने जा रहा है यह हम सबके लिए गौरव की बात है। 2047 तक हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है इसके लिए हमारे स्वयं सेवक पूरी ताकत से लगे हुए हैं। हमारे स्वयंसेवक देश की सुरक्षा एवं सामाजिक व सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से निरंतर योगदान देते रहे हैं। उद्बोधन समापन पश्चात संघ प्रार्थना की गई। तदोपरांत उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने क्रमवार भगवा ध्वज को प्रणाम कर गुरू पूजन सह गुरू दक्षिणा किया। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने प्रसाद, भोजन भी ग्रहण किया।

## उद्यानिकी फसल से हो रही लाखों की आमदनी कावेराम को

**नारायणपुर।** नारायणपुर जिले के ग्राम भुरवाल के रहने वाले किसान कावेराम खेती से लाखों रूपए का मुनाफा कर रहे है, कावेराम ने कभी नहीं सोचा था कि वह कभी उन्नतशील किसान की श्रेणी में खड़े हो सकेगा, लेकिन जब उसे राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से जुड़े विभागीय योजनाओं के विस्तार से जानकारी मिला। तब उसने उद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करना शुरू कर दिया, धीरे-धीरे उनकी मेहनत और विभागीय योजनाओं से मिले लाभ का नतीजा सामने आने लगा और वे आज लाखों रूपए कमा रहा है। इससे उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव आना शुरू हो गया। कावेराम ने 1 हेक्टेयर रकबा में जैविक फसल प्रबंधन एवं उन्नत बीज का प्रयोग करते हुए मिर्च, टमाटर, करेला जैसे सब्जियां लगाया है। इसमें ड्रिप के माध्यम से सिंचाई व्यवस्था कर रहे है, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि हुई है। किसान कावेराम को अब धान्य फसलों की तुलना में वर्षभर में तीन से चार गुना अधिक आय प्राप्त हो रहा है।किसान कावेराम ने बताया कि वह अपने खेतों में हमेशा धान की फसल लगाता था, समय के साथ लागत में वृद्धि एवं उत्पादन में कमी आने से आमदनी में कमी होने लगा था। आमदनी को बढ़ाने के लिये उन्हें उद्यानिकी विभाग के द्वारा सब्जी की खेती करने का सुझाव दिया गया।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**कोंडागांव।** जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पतोड़ा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी, इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्ट मार्टम के लिए भेजकर आरोपी कार चालक की पतासाजी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतना जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस बाईक में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची फरसगांव पुलिस ने शवों को अपने कब्जे मे लेकर कार्यवाही उपरांत पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## युवक महिलाओं के अंडर गारमेंट्स चुराते सीसीटीव्ही में हुआ कैद

**कोंडागांव।** जिले के केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरगांव में एक युवक महिलाओं के अंडर गारमेंट्स चुराते सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुआ है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि युवक बाइक से आता है, और अंडर गारमेंट्स चुराकर भाग जाता है। केशकाल क्षेत्र के लोग इस महिलाओं के अंडर गारमेंट्स चोर के आतंक से परेशान हैं। केशकाल नगर में बार-बार अंडर गारमेंट्स चोरी के बाद लोगों में गुस्सा है, लेकिन लोक-लाज की वजह से अब तक किसी ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। महिलाएं और उनके परिजनों ने कहा कि यह शर्मसार करने वाली घटना है। वे चाहती हैं

## बारिश से कई गांवों का टूटा संपर्क, बासागुड़ा, पेगडापल्ली पोटाकेबिन के बच्चों को कराया गया स्थानांतरित

बीजापुर। जिले में चार दिनों से हो रही लगातार बारिश के होने के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हो चुकी है कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देश मे सभी एसडीएम, तहसीलदार बाढ़ की स्थिति पर निगरानी रखे हुऐ है वही मैदानी स्तर पर पटवारी, कोटवार, सचिव अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। नदी नाला उफान पर होने से ग्रामीणों को नदी नाला पार नही करने सूचना बोर्ड लगाया गया है एवं स्थानीय अमला भी मौजूद है।



जिले के भैरमगढ एवं जांगला में राष्ट्रीय राजमार्ग 63 बाधित होने पर गाडियों की आवा-जाही बंद होने की स्थिति निर्मित हो गई थी फिलहाल स्थिति सामान्य है एवं आवागमन शुरू हो गया है। वही भैरमगढ के इतामपारा कन्या आश्रम में पानी भरने के कारण 80 छात्राओ को सुरक्षित अन्य स्थान नए भवन में पहुंचाया गया है। 3-4 कच्चे मकान बाढ़ से क्षति होने के कारण वहॉ के परिवारों को राहत भवन में शिफ्ट किया गया जहां उन्हें खाने-पीने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। बासागुड़ा पोटाकेबिन के बच्चों को सारकेगुडा छात्रावास में शिफ्ट किया गया है। वहीं भोपालपटनम के पेगडापल्ली पोटाकेबिन के 120 बच्चे नवीन पोटाकेबिन बालक सांड्रापल्ली मे स्थानंतरित करवाया गया है।

# नगर के मंदिरों में रही शिवभक्तों की भीड़

■ आज पहला सोमवार, शिवालयों में गूंजा हर हर महादेव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 22 जुलाई।** आज से पवित्र श्रावण मास की शुरूआत हो गई है और संयोग से आज सोमवार भी है। श्रावण मास के पहले दिन ही सोमवार पड़ने से शिवभक्तों में काफी उत्साह है। नगर के तमाम शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज सुनाई पड़ रही है। दंतेवाड़ा समेत अंचल के समस्त शिवालयों में अल सुबह से ही जल चढ़ाने भक्तों की अपार भीड़ लगी रही। बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। श्रावण मास का पहला सोमवार होने से आज अनेक शिवभक्तों ने व्रत रख कर घर पर ही भोलेनाथ को जलाभिषेक कर पूजा आराधना की। देवों के देव महादेव कहे जाने वाले भगवान शिव का प्रिय महिना श्रावण मास की शुरूआत आज 22 जुलाई से हो चुका है जो 19 अगस्त तक रहेगा इस दौरान 5 सोमवार पड़ेंगे। श्रावण मास रक्षाबंधन के दिन 19 अगस्त को श्रावणी पुर्णिमा के दिन समाप्त होगा। आज से पूरे एक माह तक शिव भक्त भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर रहेंगे। आाज सावन का पहला दिन है और सोमवार भी



है लिहाजा शिवभक्तों में दुगुनी खुशी है। शिवालयों में सुबह से ही भोलेनाथ के दर्शन पूजन के लिये भक्तों का तांता लगा रहा। ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव की आराधना सावन में करने से मानव के सारे दुख दर्द एवं रोगों का नाश होता है, समृद्धि आती है। सच्चे मन से भोले बाबा की पूजा करने व व्रत रखने से भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को मनवांछित फल एवं वरदान देते हैं। पहला सोमवार होने से नगर के शिवालयों में शिव पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। शिव भक्त सुबह से भी स्नान आदि से निवृत्त होकर पूजन सामाग्री जैसे दुध, दही, घी व शहद, पुष्प नारियल, फल समेत विभिन्न पूजन सामग्री खरीदने में लगे रहे। दंतेश्वरी मंदिर रोड स्थित दोनों शिवालय में आज सुबह से ही भक्तों की अपार भीड़ लगी हुई है। डंकनी व शंकनी तट पर स्थित भैरमदेव बाबा मंदिर में भी महादेव शिव की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई। मंदिरों में पहुंच भक्तों ने दूध, बेलपत्र, गंगाजल, धतूरा एवं कनेर के फूल व पुष्प आदि से शिवलिंग का जलाभिषेक कर अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। बाजारों में भी फलाहारी सामाग्री की जमकर खरीदारी हुई। शिवालयों के आसपास लगी दुकानों में बेल पत्र, पुष्प नारियल, धूप बत्ती समेत अन्य पूजन सामाग्री की भी जमकर बिक्री हुई।

## एक नजर

### चिकित्सा शिविर का आयोजन 23 को



**छुरा 22 जुलाई।** जिला आयुर्वेद अधिकारी के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय रानीपरतेवा मे वृद्ध जानों के लिये विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन कल दिनांक 23/7/24 को किया जा रहा है शिविर प्रभारी डॉ ऐश्वर्य साहू ने बताया की शिविर मे 60 वर्ष से ऊपर के सभी लोगो का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि का जाँच किया जायेगा साथ ही वृद्धावस्था मे होने वाले बीमारी सन्धिवात, लकवा, साइटीका, श्वास, कास, चर्म रोग, उच्चरक्त चाप, मधुमेह, पेट मे जलन दर्द, कब्ज, अर्श, परिकर्तिका रोगो का जाँच व उपचार किया जायेगा, शिविर मे वृद्ध जानो के मानसिक स्वास्थ्य से सम्बंधित खेलो का आयोजन किया जायेगा शिविर मे डॉ विनोद ठाकुर वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक, डॉ प्रीति साहू नाड़ी वैद्य अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

### कलेक्टर के निर्देश पर स्कूली बच्चों ने संभाली जन जागरूकता की कमान

**रायपुर, 22 जुलाई।** बिलासपुर कलेक्टर श्री अवनीश शरण के निर्देश पर स्कूली बच्चों ने जन जागरुकता की कमान संभाली ली है। गांवों में रैली निकाल कर मलेरिया और डायरिया से बचाव का संदेश दे रहे हैं। कोटा ब्लॉक के विभिन्न गांवों में स्कूली बच्चों को प्रार्थना के समय जागरूक किया जा रहा है। बच्चे भी रैली के जरिए ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। बच्चों को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत डायरिया से बचाव और सुरक्षा हेतु स्कूल में भाषण और प्रेजेंटेशन के जरिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मझगांव स्कूल में मलेरिया से बचाव विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई ।इस कार्यशाला में मलेरिया के लक्षण तथा उससे बचाव की छात्रों को विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों की तरफ से कक्षा 12वीं से चंद्रदीप जायसवाल और कुमारी कृशा तथा कक्षा ग्यारहवीं से नितेश यादव एवं हिना ध्रुव ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता जीव विज्ञान विषय के व्याख्याता श्री शोभाराम पालके ने मलेरिया की रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी।जिसके तहत मच्छर दानी लगा कर सोने, डीडीटी का छिड़काव, मलेरिया रोधी क्रीम का प्रयोग, आसपास सफाई, रुके पानी का निस्तारीकरण, कूलर की सफाई, बुखार रहने पर खून की जांच करवाना एवं नजदीकी अस्पताल में डॉक्टर को दिखाना इत्यादि बचाव के उपाय बताए गए ।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 355.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 22 जुलाई।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 355.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 21 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 854.4 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 138.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 204.3 मिमी, बलरामपुर में 341.3 मिमी, जशपुर में 241.4 मिमी, कोरिया में 249.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 205.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 291.1 मिमी, बलौदाबाजार में 314.7 मिमी, गरियाबंद में 428.2 मिमी, महासमुंद में 251.6 मिमी, धमतरी में 396.7 मिमी, बिलासपुर में 347.9 मिमी, मुंगेली में 340.2 मिमी, रायगढ़ में 332.5 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 205.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 332.3 मिमी, सक्ती में 277.4 कोरबा में 397.6 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 343.2 मिमी, दुर्ग में 223.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 287.0 मिमी, राजनांदगांव में 409.4 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 409.6 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 267.3 मिमी, बालोद में 465.3 मिमी, बेमेतरा में 202.6 मिमी, बस्तर में 513.1 मिमी, कोण्डागांव में 409.4 मिमी, कांकेर में 445.8 मिमी, नारायणपुर में 476.9 मिमी, दंतेवाड़ा में 463.0 मिमी और सुकमा जिले में 652.1 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कसडोल खंड के स्वयंसेवकों ने मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

## आर्य भूमि पर महर्षि वेद व्यास के अवतरण दिवस को गुरु पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाने की प्राचीन परंपरा रही है

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल 22 जुलाई।** कसडोल नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कसडोल खंड के स्वयंसेवकों द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां सभी स्वयं सेवकों ने भगवा ध्वज को गुरु मानकर गुरु पूजन किया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता सनत पांडेय विभाग सेवा प्रमुख रायपुर विभाग ने गुरु पूर्णिमा उत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा की आर्य भूमि पर महर्षि वेद व्यास के अवतरण दिवस को गुरु पूर्णिमा के उत्सव के रूप में मनाने की प्राचीन परंपरा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हर साल जिन छह उत्सवों का आयोजन करता है, उनमें गुरु पूजन कई दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण



है। इस उत्सव में स्वयंसेवक गुरु के रूप में स्थापित परम पवित्र भगवा ध्वज का विधिवत पूजन करते हैं और दक्षिणा स्वरूप यथाशक्ति अपना समर्पण भी करते हैं। स्वयंसेवकों की इसी समर्पण राशि से संघ वर्षपर्यंत राष्ट्रहित के उद्देश्यों के प्रति समर्पण भाव से कार्य करता है। संघ मानता है कि परम पवित्र भगवा ध्वज त्याग एवं समर्पण का प्रतीक है, स्वयं जलते हुए सारे विश्व को प्रकाश देने वाले सूर्य के रंग का प्रतीक है, संपूर्ण जीवों के शाश्वत सुख के लिए समर्पण करने वाले साधु, संत भगवा वस्त्र ही पहनते हैं, इसलिए भगवा रंग त्याग का प्रतीक है। संघ की शाखाओं में इसी ध्वज को लगाया जाता है, इसका ही वंदन होता है और इसी ध्वज को साक्षी मानकर सारे स्वयंसेवक राष्ट्रसेवा, जनसेवा की शपथ लेते हैं। कार्यक्रम के अंत मे सभी स्वयं सेवको ने भगवा ध्वज को प्रणाम करते हुए अपना समर्पण कर संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर प्रहलाद सूर्यवंशी खंड संघचालक, मुख्य वक्ता सनत पांडेय विभाग सेवा प्रमुख रायपुर विभाग, हरदयाल साहू खण्ड कार्यवाह सहित कसडोल खंड के स्वयं सेवक सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# गायत्री शक्तिपीठ छुरा में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा 22 जुलाई।** मां गायत्री शक्तिपीठ छुरा में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । जिसमें वेद माता गायत्री, परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवतीदेवी शर्मा का पूजन किया गया। तत्पश्चात सामूहिक मंत्र-जाप एवं साधना किया गया।पांच कुंडीय यज्ञ में नियमित आहुति के साथ गुरुदेव एवं गुरू माता को विशेष आहूति प्रदान की गई। साथ ही एक पुंसवन संस्कार,एक जन्मदिवस संस्कार,एक विद्यारंभ संस्कार तथा एक दंपति का विवाह दिवस संस्कार मनाते हुए उपस्थित गायत्री परिजनों ने मंगल कामना एवं आशीर्वाद प्रदान किया।भोजन प्रसादी के पश्चात उपस्थित परिजनों ने अपने द्वारा मां गायत्री एवं गुरुसत्ता के कृपा का वर्णन किया।

उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्टी रामावतार यादव, परिवार्जक भुवनेश्वर पटेल, ठाकुर राम यादव, जगत राम यादव,मालिकराम साहू, चतुर सिंह दीवान,प्रभु सिन्हा, उमेन्द्र सिंह दीवान, राधे पटेल, ओम प्रकाश यादव, हेमंत साहू, नरसिंह सोम,तिजऊ राम साहू , नरसिंह सोम, पुखराज ठाकुर,घेवरचंद निषाद,नंदकुमार सिन्हा, दिलीप यदु , ईश्वर सिन्हा, परसराम साहू, मिथलेश सिन्हा,शीतल ध्रुव, आनंद सारस्वत,संध्या यदु,राधिका यादव,मीना यादव,मीना मेहता,दीपाली सारस्वत,घासीन साहू खिलेश्वरी सोम, रामेश्वरी साहू, सरस्वती सिन्हा, वसुंधरा साहू, कृष्णा साहू, हर्षिता पटेल,नंदनी साहू उपस्थित रहे।

## वक्ता मंच ने प्रदेश के 100 रचनाकारों को सम्मानित किया

**रायपुर 22 जुलाई।** प्रदेश की साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा रायपुर के गुरु घासीदास अकादमी में संपन्न एक कार्यक्रम में प्रदेश के 100 रचनाकारों को स्व. छत्रसिंह बच्छावत स्मृति साहित्य श्री सम्मान से विभूषित किया गया द्य इस अवसर पर राजधानी की प्रतिष्ठित लेखिका किरणलता वैद्य के बाल साहित्य पर केंद्रित 2 कविता संग्रह मुस्कान एवं मोनू मंकी का विमोचन भी संपन्न हुआ द्य संगीत शिक्षक विनय बोपचे के निर्देशन में बाल कलाकारों द्वारा विमोचित हो रहे काव्य संग्रह की कविताओं पर आधारित गीतों व बाल नाटिका का मंचन भी किया गया द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकराचार्य वि वि भिलाई के पूर्व कुलपति डॉ एल एस निगम थे एवं अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र रावल ने की द्य विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर के. पी. सक्सेना ÷दूसरे÷, टी के भोई, सुरेश शुक्ला एवं प्रदीप वैद्य जी उपस्थित थे द्य कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते एवं संयोजन शुभम साहू द्वारा किया गया द्य इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि साहित्य से न केवल भाषा समृद्ध होती है बल्कि सामाजिक विवेक, सांस्कृतिक मूल्यों व मानवता के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है द्य साहित्य हमारे सामूहिक स्वप्न को प्रतिबिंबित करता है द्य लेखकों को आम आदमी और उनके संघर्षों व जन सरोकारों के साथ जुड़ना पड़ेगा द्य समाज व संस्कृति को गहराई से समझे बिना कोई अच्छा लेखक नहीं बन सकता द्य कार्यक्रम के दौरान रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, दुर्ग, भिलाई, कुम्हारी, गातापरा, गंडई, राजिम, भाटापारा, बिलाईगढ, मुंगेली, भैंसबौड, कुकरेल, खैरागढ़, बालोद, देवगाँव, बेरला, गरियाबंद, कुरुद, धमतरी,गरियाबंद, धमधा, पांडुका, सारंगढ़, पिरदा, जामुल, आरंग, अम्लेश्वर सहित दूरस्थ क्षेत्रों से आये 100 से अधिक रचनाकारों को मोमेंटो व सम्मान पत्र से अभिनंदित किया गया।



## समाचार संक्षेप

### श्रद्धा भक्तिपूर्वक मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व



**डोंगरगांव 22 जुलाई।** समीपस्थ ग्राम दर्री के शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रम्ह चारी आश्रम में आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के पावन सानिध्य में गुरु पूर्णिमा के पर्व को अंचल के गुरु भक्तों के द्वारा श्रद्धा पूर्वक मनाया गया ,इस अवसर पर भक्तों ने विधिवत गुरु पूजन कर संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी का आशीर्वाद लिया ,इस अवसर पर उपस्थित गुरु भक्तो को ब्रम्हचारी जी ने सत्संग में बताया कि परमेश्वर को प्राप्त करना चाहते हो तो अपने को पात्र बनाये जीवन मे पात्रता होगी तो कुछ भी मांगने की आवश्यकता नही होगी,परमात्मा खुद प्राप्त हो जाएंगे उन्होंने कहा कि जिसने जीवन मे भजन नही किया सन्तों के दर्शन नही किये गुरु की भक्ति नही की तो जीवन व्यर्थ है, क्योकि अनेक जन्मों के पुण्य उदय होने पर ही मनुष्य जीवन मिलता है, गुरु भक्ति के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने आश्रम में आयोजित भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

### कांग्रेस के भीष्म पितामह कहे जाने वाले याकूब भाई को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**भाटापारा 22 जुलाई।** भाटापारा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व क्रिकेटर याक़ूब जालियावाला की पूर्ण तिथि पर कांग्रेस भवन मे आठवी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसके बाद परिवार जनो के द्वारा स्टेशन मे आम जानो को भोजन वितरण किया गया, राजकुमार कॉलेज से शिक्षा प्राप्त कर अपना जीवन जनता के लिए समर्पित किया। अपने समय मे विद्याचरण के खास माने जाने वाले हाजी याक़ूब भाई जालियावाला ने कई विधानसभा लोकसभा नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों मे अपने नेतृत्व मे पार्टी को सदैव आगे रखा । सतीश अग्रवाल ने कहा कि याकूब चाचा ने मुझे बहुत प्रेम दिया याकूब चाचा कमी हमेसा खलती है सतीश ने कहा की याकूब चाचा अंत तक कांग्रेस में ही रहे। याकूब भाई के पोते ज़िला महासचिव शादाब ने कांग्रेस परिवार का आभार करते हुए कहा दादा जीने कभी कांग्रेस को पार्टी नहीं कहा परिवार कहा और मुझे बहुत ख़ुशी है की मैं भी इस परिवार का हिस्सा हूँ शादाब ने कहा आज ग़रीब लोग भोजन कर रहे है उसको देख के मेरे दादा जी की रूह बहुत ख़ुश हो रही होगी पूरे जालियावाला परिवार की तरफ़ से मे आप सभी लोगो का दिल से आभारी हूँ इनके श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे छेत्र के बड़े बड़े नेता उपस्थित हुए जिसमे सुनील माहेश्वरी, सतीश अग्रवाल,राजकुमार शर्मा,त्रिलोक सलूजा,नानू सोनी,राजेंद्र वर्मा,मुकेश साहू,अजय ठाकुर,मनमोहन कुर्रे,गोपालशर्मा,अय्यूब बठिया,मोहन निसाद,आदिल चानीजा, अल्ताफ़ ख़ान,समीर ख़ान,अली ,ईस्वर सेन,संतोष यादव ने श्रद्धांजलि दी।

# पुरी साप्ताहिक बाजार में चारामा पुलिस ने की सुरक्षा की जाँच

**चारामा 22 जुलाई।** थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चन्द्रवंशी के नेतृत्व में ग्राम पुरी में लगने वाले साप्ताहिक बाजार ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में बाजार स्थल का चेक कर बाजार में आये व्यापारीयों को निर्धारित बाजार स्थल पर एक लाइन में दुकाने लगाने एवं व्यापारीयों को मानक मुल्य से अधिक में सामाग्री विक्रय नही करने और एक्सपायरी डेट वाले सामान को नही बेचने हिदायत दिया गयाए बाजार में आये ग्रामीणों से उचित मुल्य के संबंध में जानकारी लिया गया जो किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नही हुआ है। चेकिंग के दौरान व्यापारीयों को सडक में दुकान नही लगाने ए बाजार में हॉटल ध्चॉट ठेला संचालकों को अपने समान जैसे भजिया एपकोड़ेए मिठाईए को ढक कर रखने एवम साफ सफाई का विशेष ध्यान देने समझाईश दिया गया । बाजार चेकिंग सुरक्षा के मददे नजर लगातार चेकिंग किया जा रहा है चेकिंग के दौरान कोई भी संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। चारामा पुलीस आम जनता से अपील करती है कि बाजार में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर तत्काल पुलीस को सूचित करें और बाजार आने वाले व्यापारीयों एवम आम जनता अपने अपने वाहन को पार्किंग में रखे । दोपहिया वाहन में तीन सवारी ना चले। नशे का सेवन कर वाहन ना चलाए। साप्ताहिक बाजारों की चेकिंग के दौरान श्रीमान तहसलीदार चारामा श्री कृष्ण कुमार पाटले ए थाना प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चन्द्रवंशी एवं थाना पुलिस का बल उपस्थित रहा ।



# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में वरिष्ठ नेताओं का मिला मार्गदर्शन

**रायपुर 22 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला की विस्तारित कार्यसमिति बैठक आज रायपुर शहर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में संपन्न हुई संगठनात्मक दृष्टिकोण से प्रति तिमाही विस्तारित कार्यसमिति का आयोजन राष्ट्रीय , प्रादेशिक , जिला एवं मंडल स्तर पर किया जाता है जिसके अंतर्गत विगत तिमाही की समीक्षा और आगामी तिमाही संगठन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों हेतु विस्तृत चर्चा की जाती है साथ कार्यकर्ताओ को कार्यसमिति के माध्यम से कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन और जनता के बीच भाजपा की पकड़ मजबूत करने के गुर सिखाए जाते हैं विगत दिनों प्रदेश कार्यसमिति के पश्चात रविवार जिला कार्यसमिति संपन्न हुई एवं इसके पश्चात संगठन की अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण इकाई मंडलों की कार्यसमिति बैठकें होनी है । आज संपन्न कार्यसमिति की शुरुवात दीप प्रज्वलन और वंदेमातरम के साथ हुई प्रथम उद्बोधन जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल द्वारा किया उन्होंने कहा की विगत कुछ समय से आप सभी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सहयोग से रायपुर शहर जिला द्वारा अथक परिश्रम किया गया और जनता से जुड़े मुद्दों के लिए मैदान में उतर कर सीधी लड़ाई लड़ाई लड़ाई लड़ी एवं उसी का प्रतिफल है हमने हालिया संपन्न विधानसभा और लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल की जिसके लिए आप सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं जयंती पटेल के उद्बोधन के पश्चात शोक प्रस्ताव आशु चंद्रवंशी द्वार लाया गया जिसमे विगत कालखंड में जो भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वर्गवास हो गया उन्हे शोक प्रस्ताव में श्रद्धांजलि अर्पित की गई । अध्यक्षीय उद्बोधन के ठीक पश्चात मुख्य वक्ता के रूप कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कार्यकर्ताओ को संबंधित करते हुए भाजपा की विकास यात्रा और संकल्प पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा की विस्तारित कार्यसमिति की आवश्यकता संगठनात्मक संदेश निचली इकाई तक पहुंचाना होता है ।

## पुलिस के कंधे से कंधा मिलाकर, निरंतर एवं त्वरित सूचनाएं पुलिस को देने निर्देशित किया गया

# जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत 347 कोटवार हुए बैठक में शामिल

**बलौदाबाजार 22 जुलाई।** किसी भी गांव में कोटवार शासन के प्रतिनिधि के रूप में उपलब्ध अधिकारियों में से एक महत्वपूर्ण कडी होते है। मैदानी घटनाक्रम, विभिन्न स्थितियों एवं परिस्थितियों की जानकारी प्राप्त करने में ग्राम कोटवार महत्वपूर्ण होते है। इसके अलावा विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोटवारों के विभिन्न कर्तव्य निर्धारित किए गए हैं तथा कोटवारों की भूमिका विभिन्न विभागों में सूचनाओं के प्राथमिक स्त्रोत के रूप में रखी गई है जिसका विस्तार पूर्वक वर्णन पुलिस रेगुलेशन के पैरा में भी किया गया है। वर्तमान परिस्थितियों में सामाजिक परिवेश के बदलाव से कानून व्यवस्था के समक्ष नवीन चुनौतियां उपस्थित हुई है। उक्त चुनौतियों से निपटने के लिए क्षेत्र अंतर्गत प्रभावी आसूचना संकलन अनिवार्य है। पुलिस के सांथ थाना स्तर पर आसूचना संकलन के लिए ग्राम कोटवार भी उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। अतः उक्त



बातों को दृष्टिगत रखते हुए तथा आगामी खेती किसानी कार्य एवं पंचायत चुनाव के दृष्टिकोण से आज दिनांक 21.07.2024 को जिले के समस्त थाना एवं चौकी में ग्राम कोटवारों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वर्तमान परिस्थितियों में नवीन चुनौतियां जैसे चिटफंड कंपनियों द्वारा ग्रामीणों से धोखाधड़ी, पशु तस्करी, साइबर अपराध, ग्राम में सामाजिक तनाव, इंटरनेट सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार एवं अफवाह के कारण उत्पन्न कानून व्यवस्था की स्थिति, विभिन्न असमाजिक तत्वों द्वारा शासन विरोधी भावनाओं को भड़काकर छोटे मुद्दों को बड़े मुद्दों के रूप में दुष्प्रचारित करना, क्षेत्र में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के अंवैधानिक कार्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों की पहचान करने में पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर, निरंतर एवं त्वरित सूचनाएं पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया।

कई अवसरों पर या अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से किसी ग्राम में दीगर प्रांत से आए हुए लोगों, मुसाफिर अथवा घुमंतू प्रजाति के लोगों का समय रहते पुलिस द्वारा फिंगरप्रिंट लेना मुश्किल हो जाता है। इस स्थिति में ग्राम में उपस्थित ग्राम कोटवारों द्वारा ऐसे लोगों का फिंगरप्रिंट लेने का कार्य बहुत ही सहजतापूर्वक एवं समय पर किया जा सकता है, इसके लिए आज बैठक में उपस्थित समस्त ग्राम कोटवारों को फिंगरप्रिंट लेने का भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

बैठक में कोटवारों से प्रत्यक्ष रूप से मिलकर उनकी कार्यप्रणाली से अवगत होकर तथा परस्पर सहयोग की भावना से कार्य करने एवं कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। संबंधित पुलिस थाना/चौकी से जिले के सभी कोटवारों को वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी जोड़ने के निर्देश दिये गए है।

### बच्चों के लिए भारतीय संस्कृति आधारित संस्कार किट का विमोचन

**राजनांदगांव 22 जुलाई।** राजनांदगांव की रूपाली गांधी जो प्रारंभ से ही गायत्री परिवार से जुड़ी है, उन्होंने बताया कि बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु स्कूलों में शिक्षा के साथ संस्कार एक पाठ्यक्रम कोर्स के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि शिक्षा जब संस्कार से जुड़ती है तो वह विद्या कहलाती है ।यही विद्या एक चरित्रवान व्यक्तित्ववान पीढी तैयार करती है ,इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए रूपाली गांधी ने चार किताबें और 10 फ्लैश कार्ड का लेखन कर एक आकर्षक रोचक वैज्ञानिक , सांस्कृतिक ,राष्ट्रीय आध्यात्मिक, पहलुओं को अपनी किताब में सम्मिलित कर संस्कार किट का निर्माण किया है। उनका कहना है यह किट सिर्फ बच्चों नही बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों हेतु भी बहुत उपयोगी व जानकारी परक है। खास बात यह है कि इस संस्कार किट हेतु अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉक्टर प्रणव पंड्या जी, आदरणीय शैल बाला पंड्या जी ने अपना आशीर्वाद पत्र प्रदान किया है ।हमारे समाज, राष्ट्र का भविष्य पाठशाला में गढ़ा जा सकता है क्योंकि विद्यार्थी अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय विद्या अध्ययन करते हुए विद्यालय में ही व्यतीत करता है, उम्र के उस पड़ाव से व्यक्ति विद्यालय में जाना प्रारंभ करता है जब उसकी ग्रहण क्षमता सीखने की क्षमता चरम पर होती है और इस समय जो भी बातें वह देखता सुनता समझता है सीखता है वह जीवन भर उसके मन मस्तिष्क पर ऐसी अमिट छाप छोड़ जाता है।

### छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में होगा इको क्लब का गठन

**रायपुर, 22 जुलाई।** नई शिक्षा नीति 2020 के तहत छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में राष्ट्रव्यापी शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत 27 जुलाई को मिशन लाईफ भी मनाया जाएगा। इसके तहत पर्यावरण के संरक्षण के महत्व को लेकर बच्चों में जागरूकता के लिए स्कूलों में इको क्लब के गठन के किया जायेगा। इको क्लब के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। इको क्लब के सदस्यों को समुदाय के समक्ष 27 जुलाई को शपथ दिलाई जाएगी। इस दिन प्रत्येक स्कूल में कम से कम 35 पौधों का रोपण कर उनके देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी स्कूली बच्चों को दी जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में मिशन लाइफ के लिए नए इको क्लब गठन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देश के अनुसार स्कूल प्रधानपाठक, प्राचार्य इको क्लब का प्रमुख, संरक्षक होंगे। पोस्ट ग्रेजुएट टीचर इको क्लब के प्रभारी होंगे। इको क्लबों में प्रत्येक कक्षा से 4-5 छात्र शामिल किया जाएगा।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202407092300024-अ/74- वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश पिता प्रताप जाति कलार निवासी ग्राम बिल्हरी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्र यूपेश सिन्हा पिता सुरेश सिन्हा का दिनांक 15.09.2010 को ग्राम बिल्हरी में जन्म हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र यूपेश सिन्हा पिता सुरेश सिन्हा का दिनांक 15.09.2010 को ग्राम बिल्हरी में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 24.07.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोगरगढ़
जिला-राजनांदगाँव

# विस में दिवंगत सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि




रायपुर 22 जुलाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही 5 दिवंगत पूर्व विधानसभा सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के साथ शुरू हुई. दिवंगत सदस्य मकसूदन लाल चंद्राकर, अमीन साय, लक्ष्मी प्रसाद पटेल, अग्नि चंद्राकर और अंतु राम कश्यप के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को याद किया. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सदस्यों के निधन को राजनीति और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व सदस्यों के निधन पर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी. इसके साथ नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने भी श्रद्धांजलि देते हुए उनके साथ बिताए पलों को याद किया. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दिवंगत पूर्व सदस्यों के साथ एक पारिवारिक संबंध रहा है. उनका जाना हम सबके लिए अपूर्णीय क्षति है।

### कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के पहले दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हो रही है. बैठक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप समेत अन्य सदस्य मौजूद हैं. बता दें कि आज से शुरू हुआ विधानसभा का मानसून सत्र 26 जुलाई तक चलेगा. पहले दिन 4 दिवंगत पूर्व विधानसभा सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जाएगी. पहले दिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप अपने-अपने विभाग से जुड़े प्रश्नों का जवाब देंगे. इसके साथ आज विपक्ष बलौदाबाजार हिंसा पर स्थगन लाएगा. मुख्यमंत्री साय स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत रायपुर जिले के स्कूलों में शिक्षकों के लिए पदों की पूर्ति से जुड़े सवाल का जवाब देंगे, वहीं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा वन भूमि पट्टा के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने की शिकायत पर सदस्य के सवाल का जवाब देंगे. वन मंत्री केदार कश्यप जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्राहकों को देय बीमा राशि से जुड़े सवाल का जवाब देंगे. पहले दिन विधायक भावना बोहरा व अजय चंद्राकर कबीरधाम जिले में हुई किसान की हत्या को लेकर गृहमंत्री का ध्यानाकर्षण करेंगे. विधायक हर्षिता बघेल राजनांदगांव जिले में सड़कों की स्वीकृति के बाद भी टेंडर ओपन नहीं किए जाने को लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री का ध्यानाकर्षण करेंगी।

# गजराज बांध बचाओ अभियान सफल



रायपुर 22 जुलाई। गजराज बांध बोरियाखुर्द रायपुर में प्रात,-काल मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साय, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, ग्रीन आर्मी प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे , ग्रीन आर्मी,सेंट्रल कोर कमेटी के अध्यक्ष गुरदीप सिंह टुटेजा, गजराज बांध संरक्षण समिति से पीके साहू साहू समाज जिला अध्यक्ष केशव एवम् लगभग 200 स्थानीय नागरिकों के समक्ष ग्रीन आर्मी की 7 सूत्रीय माँग गजराज बांध बचाओ अभियान को शासन प्रशासन ने विधिवत् रूप से स्वीकार किया है। इस अवसर पर उनके द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर गजराज बांध में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पर्यावरण के लिए कार्य करने वाले लोग शामिल हुए। अरूण साव जी ने 7 वर्षो के तालाब बचाओ अभियान की सराहना की एवम कहा की अब इस गजराज को संरक्षित करना छत्तीसगढ़ शासन का कार्य है इस हेतु अब तत्काल कार्य किए जायेंगे।

स्थानीय विधायक श्री मोती लाल साहू जी ने कहा की तालाब की एक इन्च जमीन भी कम नहीं होगी उन्होंने सभी की सराहना की । ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने ग्रीन आर्मी के 7 वर्षों के संघर्ष को बताया कि इस हेतु 21 दिन का धरना दिया गया था सायकल रैली की गई थीं।

### छत्तीसगढ़ में बढ़ा चोरों का आतंक

रायपुर, 22 जुलाई। आजतक के आप ने चोरी की कई वारदातों के बारे में सुना होगा। लेकिन छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में एक ऐसी चोरी की घटना सामने आई है, जिसे सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे। एक चोर बेश्कीमती सामानों को छोड़कर सिर्फ महिलाओं के अंडरगारमेंटस चुरा रहा है। चोरी की इस घटना के बाद पीड़ित महिलाएं शर्म की वजह से शिकायत भी नहीं कर रही है। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये चोर कौन है और आखिर महिलाओं के अंडरगारमेंट्स क्यों चुरा रहा है।

## एक नजर

### नकली सोने को असली बताकर बेचा, ठगी का मामला दर्ज

रायपुर, 22 जुलाई । मालवीय रोड स्थित सुमीत ज्वेलर्स में एक महिला ने नकली सोने के चेन को असली बताकर बेचकर 1 लाख 11908 रुपए का असली सोने का लॉकेट खरीद लिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पंकज काकरिया 46 वर्ष एसबीआई जोनल ऑफिस के पास बैरनबाजार का रहने वाला है। प्रार्थी मालवीय रोड में सुमीत ज्वलेर्स नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है कि प्रार्थी के ज्वेलर्स दुकान में आरोपिया पुजा गुप्ता आई और नकली सोने की चेन को असली बताकर बेच दिया और उसके बदले 111908 रुपए का असली सोने का लॉकेट खरीदकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।



रायपुर 22 जुलाई। राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने सपरिवार सावन माह के पहले सोमवार महादेव घाट मंदिर मे हटकेश्वर महादेव को जल अर्पण कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की।

### एसयूवी का दूसरा टीज़र रिलीज़

रायपुर 22 जुलाई। आजकल देश में फॉर व्हीलर चाहने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आज के समय में हर व्यक्ति अपने लिए एक ऐसी कार चाहता है जो कम्फर्ट देने के साथ-साथ स्टाइलिश भी लगे। खासकर लोगो में बड़ी कार के लिए काफी क्रेज है। स्टाइलिश कार चाहने वाले लोगों के लिए स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी पहली कॉम्पैक्ट एसयूवी का दूसरा टीज़र रिलीज़ कर दिया है। टीज़र से पता चलता है की यह कार शानदार डिजाईन, मजबूती, स्टाइल और कम्फर्ट के साथ एसयूवी का पूरा फील देगी। टीज़र की रिलीज़ के बारे में, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने कहा, हमने 2024 की शुरुआत अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के ऐलान के साथ की थी। हमारी कॉम्पैक्ट एसयूवी भारत भर में कठोर परीक्षण से गुज़र रही है और हम अपनी प्रोडक्ट तैयारियों, उच्च कार्यकुशलता और गुणवत्तापूर्ण लोकल सप्लायर पार्टनर्स के साथ मिलकर लगातार इसकी खासियतों में वृद्धि कर रहे हैं। ये भारत के प्रति हमारी ब्रांड प्रतिबद्धता के अनुरूप है, क्योंकि यूरोप के बाहर स्कोडा ऑटो के लिए भारत सबसे महत्वपूर्ण बाज़ार है।

### सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

रायपुर, 22 जुलाई। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस ने पंडरी मेन रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी सोनु वर्मा 25 वर्ष एवं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी रूचि शर्मा 47 वर्ष, संदीप भारती 28 वर्ष, मानिक नायक 34 वर्ष, वेद प्रकाश साहू 31 वर्ष व अंकुश मार्चकोले 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती ने आरोपी गोपी साहू 26 वर्ष, राहुल यादव 28 वर्ष, मनीराम पटेल 27 वर्ष व मनीष सोनी 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना कैंप पुलिस ने आरोपी टेमन लाल जांगडे 25 वर्ष, कुंज लाल जांगडे 39 वर्ष व दिलीप कुमार बंदे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी अभिसार 45 वर्ष व धरसींवा पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र पटेल 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### सूने मकान से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर, 22 जुलाई। सन सिटी सर्वोदय कालोनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 15 हजार सहित एलईडी टीवी और टेबलेट पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।
मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जाबीर खान 33 वर्ष सन सिटी सर्वोदय कालोनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 15 हजार नकदी सहित एलईडी टीवी और टेबलेट पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## चयन किया था साइंस विषय, थमा दिया हिन्दी का पर्चा

रायपुर 22 जुलाई। व्यापमं द्वारा ली गई सेट की परीक्षा में परीक्षार्थियों के साथ बड़ा अन्याय हो गया। कामर्स, साइंस जैसे विषयों के परीक्षार्थियों को हिन्दी का पर्चा हल करने मजबूर किया गया। इससे कई विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। यह मामला चौबे कालोनी स्थित सरकारी स्कूल का है। इस स्कूल को हिन्दी विषय का परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। सेट की परीक्षा में शामिल होने से बहुत लोगों ने साइंस, कामर्स, गणित जैसे विषयों का चयन किया था।

इसका उल्लेख आवेदन पत्र में भी किया गया था। कई विद्यार्थियों ने हिन्दी विषय का चयन किया था। परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र आया तो उसमें कामर्स, साइंस जैसे विषय का चयन करने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र में हिन्दी विषय लिखा था तथा परीक्षा केन्द्र चौबे कालोनी स्कूल दर्ज था। कल जब परीक्षार्थी परीक्षा देने गए तो उन्हे हिन्दी का पर्चा दे दिया गया।

उन्होंने इस पर आपत्ति करते हुए जब बताया कि उन्होंने हिन्दी विषय का चयन ही नहीं किया है। तब परीक्षार्थियों को बताया गया कि यह परीक्षा केन्द्र हिन्दी विषय का है और आपके प्रवेश पत्र में भी हिन्दी विषय ही लिखा है। इन परीक्षार्थियों को जबरन परीक्षा में बैठाया गया और उन्हे हिन्दी का पर्चा दिया गया। मजबूरी में परीक्षार्थी दो घंटे पर्चा हल किए बिना बैठे रहे। यह गलती कहां से हुई इसका पता नहीं चल पाया है।



रायपुर 22 जुलाई। सावन के प्रथम सोमवार को आज महादेवघाट, रायपुरा स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक व दर्शन के लिए शिवभक्तों का तांता लगा रहा।

## बैगा आदिवासियों की मौत डायरिया नहीं, विभिन्न कारणों से हुई

रायपुर, 22 जुलाई । ग्राम सोनवाही में बैगा आदिवासियों की मृत्यु के संबंध में जांच के लिए कवर्धा कलेक्टर ने तीन सदस्यीय टीम बनायी थी। इस टीम के द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में बैगा आदिवासियों की मौत डायरिया से नहीं बल्कि अन्य कारणों से होना पाया गया। जांच टीम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शामिल थे। जांच टीम ने संयुक्त रूप से ग्राम का भ्रमण कर तथा ग्रामवासियों और मृतकों के परिजनों से चर्चा कर जो तथ्य पाए हैं उसके अनुसार महिला बैगा आदिवासी फुलबाई के पति ने ये जानकारी दी है उन्होंने जंगली मशरूम खाया था जिसके बाद उसकी पत्नी और बेटे दोनों की तबीयत खराब हो गयी थी और फिर पत्नी की मौत हो गयी। एक अन्य मामले में मृतक सुरेश धुर्वे को पेट दर्द की शिकायत थी, मितानिन द्वारा उसके घर जाकर सरकारी अस्पताल ले जाकर ईलाज कराने के सलाह देने के बावजूद चिकित्सा लाभ न लेकर स्वयं घरेलू उपचार करने के कारण उसकी मौत हो गयी। अन्य प्रकरण में ललेश्वरी नाम की बैगा आदिवासी महिला सामान्य प्रसव होने के बाद अपने मायके लालघाट मध्यप्रदेश चली गई थी। और वहीं उसकी तबीयत बिगड़ने से मौत हो गयी। सोनसिंह नामक मृतक की तबीयत खराब थी।

ग्राम सोनवाही में स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य कर्मियों एवं मितानिनों द्वारा डोर टू डोर रैपिड फीवर सर्वे कराकर सभी संभावितों की जांच व उपचार किया जा रहा है तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति वर्तमान में ग्राम सोनवाही की स्थिति सामान्य है।

इसी तरह से कबीरधाम जिले के बोडला विकासखण्ड के ग्राम सोनवाही के पारा-टोला ग्राम सरेंडा निवासी तीन ग्रामीणों की मृत्यु का कारण अलग-अलग है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर बनी तीन सदस्यीय जांच टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट दी है।




रायपुर 22 जुलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की।

### 11 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर, 22 जुलाई । उरला एवं गंज थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में जुआ खेलते 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 27050 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सतनाम भवन के सामने सरोरा में जुआ खेलते आरोपी राजू साहू 23 वर्ष सहित अन्य 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 15500 रुपए जब्त किया है। वहीं गंज थाना पुलिस ने चुनाभट्टी डबरापारा के पास जुआ खेलते आरोपी विनोद वर्मा 35 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है।

# हर घर-घर किया जाएगा हिंगलाज माता के फोटोफ्रेम का निशुल्क वितरण






रायपुर 22 जुलाई। महंत सतगुरु श्री अनन्तपुरी गोस्वामी जी के सानिध्य में अब हर घर हिंगलाज माता के फोटो फ्रेम पहुंचाने का संकल्प लिया है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राजधानी रायपुर में सिंधी समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता के फोटो फ्रेम का विमोचन विमोचन किया गया। इस दौरान महन्त सतगुरु श्री अनन्तपुरी गोस्वामी जी ने भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शक्तिपीठों में एक हमारी कुलदेवी हिंगलाज माता का मंदिर पाकिस्तान में है, लेकिन विश्व में सनातन धर्म संस्कृति की शक्ति का केंद्रबिंदु है। महंत जी ने आगे कहा कि सिंधु-हिंदू सनातन धर्म संस्कृति की परम्परा अनुसार समाजजन अपने घरों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में अपनी कुलदेवी हिंगलाज माता की पूजा अर्चना, आराधना करें, इसी उद्देश्य से यह कुलदेवी हिंगलाज माता की फोटोफ्रेम को समाज के घर घर निशुल्क वितरण करने का संकल्प लिया गया है।

विमोचन कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सचिदानंद उपासने, जलकुमार मसंद, महेश दरयानी, विजय जयसिंघानी, मोनू आहूजा, राजेश वासवानी, प्रेम बिरनानी, प्रेम सोनी, रितेश वाधवा, राजेश गुरनानी, शंकरलाल वरन्दानी, सुरेश दासवानी, श्याम रूपरेला, बालचंद असरानी, सतराम दास बजाज, राजकुमार तारवानी, प्रहलाद खेमानी , दर्शन अठवानी, दीपक ऐशानी, देवराज गुनवानी, राजा बजाज, रवि पंजवानी, गुलाब माखीजा, अनेश बजाज, सोनू शर्मा चंदन शर्मा,सुधीर रामानी, चंदन पंजवानी, हेमंत मेघानी सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा ने मनाया सावन उत्सव




रायपुर 22 जुलाई। जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था द्वारा रायपुर के सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हाल में हर्षोल्लास से आज सावन उत्सव मनाया गया। हरे रंग के लिबास में सज संवर के आई संस्था की सभी महिला सदस्यों ने इस अवसर पर आयोजित एक से बढ़कर एक मनोरंजक कार्यकम में हिस्सा लिया। किसी ने रैंप वॉक किया तो किसी ने लगाए ठुमके।

जिंदगी ना मिलेगी दोबारा संस्था के संरक्षक अजय शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी हमने अपने संस्था के सदस्यों के लिए सावन उत्सव के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया है ।जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों गीत संगीत हास परिहास , शेरो शायरी के साथ विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित किए गए तथा सावन क्वीन भी चुना गया जिसमे बरखा अंदानी प्रथम वर्षा दुबे द्वितीय और हेमलता तिवारी तीसरे स्थान पर रहीं। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि तथा निर्णायक के तौर पर छत्तीसगढ़ की जानी मानी ब्यूटीशियन श्रीमती विभा प्रणव तिवारी एवम काउंसलर संध्या शर्मा उपस्थित रहीं जिन्होंने सामाजिक जीवन के तानेबाने पर एक से बढ़कर एक सवाल किए जिसका प्रतिभागियों ने नपे तुले अंदाज में जवाब दिया।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक अजय शर्मा, अध्यक्ष सुषमा तिवारी , सचिव ममता शर्मा, सलाहकार सुमन शर्मा, तथा सम्मानित सदस्य बिहारी लाल शर्मा ,कमल शर्मा, आशीष शर्मा, केशव सोनकर सहित सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमृतांशु शुक्ला एवम प्रियंका तिवारी ने किया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

रायपुर, 22 जुलाई । ग्राम छतौना चौक के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिलीप सोनवानी 45 वर्ष श्रीराम नगर मंदिरहसौद का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम छतौना चौक के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 2888 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दिलीप सोनवानी की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26